सूर्योदय 5:43 सूर्यास्त 7:06
मुज़फ़्फ़रनगर
अधिकतम 33.0
न्यूनतम 20.0

दुनिया की सबसे खूबसूरत चीजें ना ही देखी जा सकती हैं और न ही छुई, उन्हें बस दिल से महसूस किया जा सकता है, इसलिए अपने दिल को सुदृढ़ रखे।

49 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2019-21 | मूल्य 1/-

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | सम्पर्क सूत्र: ( कार्यालय ) 9368549219 | muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in | muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

वर्ष-49 | अंक-218 | रविवार 08 अगस्त, 2021 | श्रावण, कृष्ण पक्ष-अमावस्या, सम्वत् 2078 | पृष्ठ-4

यह मुज़फ़्फ़रनगर है

मुट्ठी भर लोग जो सोशल मीडिया का दुरुपयोग करके माहौल खराब कर रहे हैं, उन्हें जवाब देना होगा : योगी



ऐसे लोग.... करते हैं एक ट्विटर..मिलती हज़ार लानत......

# डीएम के सामने ही तहसीलदार व पूर्व विधायक गुत्थम-गुत्था

मुजफ्फरनगर, ७ अगस्त (बु.)। कोरोना काल के बाद अब पिछले कई सप्ताह से सम्पूर्ण समाधान दिवस भी शासन के आदेश पर चलाए जा चुके हैं। शनिवार को जानसठ तहसील में समाधान दिवस के दौरान एकाएक उस समय भाजपा से ही दो बार पूर्व विधायक रह चुके सुरेश तितौरिया और तहसीलदार की गुत्थम–गुत्था होते–होते बच गयी, मामला यहां तक पहुंचा कि आखिर में पूर्व विधायक व तहसीलदार के बीच बचाव कराते हुए हंगामा समाप्त कराया गया मगर आरोप है कि जिलाधिकारी भी वहां मौजूद थे, उसके बावजूद भी भाजपा के पूर्व विधायक के समस्या समाधान का सिर्फ आश्वासन मिला।

मिली जानकारी के अनुसार जानसठ से भाजपा के दो बार विधायक रह चुके सुरेश तितौरिया आज तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस में अपनी शिकायत लेकर स्वयं पहुंचे, जहां जिलाधिकारी चन्द्रभूषण व एसएसपी अभिषेक यादव अंदर बैठे समस्याएं सुन रहे थे। तभी पूर्व विधायक तहसीलदार अभय कुमार पांडे के व्यवहार से परेशान होकर उनसे भिड़ पड़े। विधायक का भिड़ना भी वाजिब बताया जा रहा है, क्योंकि पूर्व विधायक अपनी मामूली सी समस्या के लिए वर्षों से धक्के खा रहे हैं। पूर्व विधायक का आरोप है कि उनके पिता की मौत करीब दो साल पहले हो गयी थी। परिवार ने बैठकर एक वसीयत पहले ही तैयार कर रखी थी, जिसके बाद उन्होंने वसीयत के अनुसार नाम दर्ज करने के लिए आवेदन कर रखा था। उन्होंने बताया कि वे चार भाई हैं, लेकिन उन्होंने स्वयं का हिस्सा भी अन्य तीन भाईयों के नाम करने के लिए वसीयत तैयार कराई थी। पिछले दो साल से धक्के खा–खाकर स्वयं पूर्व विधायक ने वसीयत तो दर्ज करवा ली लेकिन सरकारी कर्मियों की करतूत से वसीयत में नाम ही गलत चढ़ा दिये गए। अब उसे ठीक कराने के लिए उन्हें तहसील के धक्के खिलाए जा रहे हैं। इसी बात से बिफरते हुए आज पूर्व विधायक व तहसीलदार की जमकर कहासुनी हुई। प्रत्यक्षदर्शियों का बताना है कि नौबत मारपीट तक पहुंचने ही वाली थी कि पुलिस ने मामले में बीचबचाव कराया। बाद में उक्त बात डीएम तक पहुंची तो उन्होंने दोनों को शान्त कराते हुए समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। इसके बाद जिलाधिकारी ने पत्रकारों को कवरेज से भी मना कर दिया और कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में पत्रकार अंदर की कवरेज नहीं कर पाएंगे। इस बात से रुष्ट पत्रकारों ने रविवार को बैठक बुलाकर अगली रणनीति तैयार करने की बात कही है।



# आधार कार्ड बनवाने को भटक रहे हजारों लोग, हाईस्कूल के छात्रों की बढ़ी टेंशन

- पंचायत चुनाव से पहले योगी सरकार ने लगाई थी नए आधार कार्ड बनाने पर रोक
- कई माह से सर्वर बंद होने से धूल फांक रही है आधार कार्ड बनाने वाली मशीन

मुजफ्फरनगर, 7 अगस्त ( बु. )। यूपी में आधार कार्ड बनवाने के लिए भटक रहे लोगों को अभी और इंतजार करना पड़ेगा। कंट्रोल सेंटर से सर्वर बंद होने के कारण डाकघरों और बैंकों में नए आधार कार्ड बनाने का काम पूरी तरह बंद है। योगी सरकार द्वारा पंचायत चुनाव से पहले लगाया गया प्रतिबंध आने वाले दिनों में हटने की उम्मीद जताई जा रही है। फिलहाल रोजमर्रा सैंकड़ों लोग डाकघर और बैंकों से निराश होकर लौटे रहे हैं। सर्वर बंद होने के कारण आधार कार्ड बनाने की मशीनें धूल से अट गई हैं।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से पहले योगी सरकार ने तत्काल प्रभाव से नए आधार कार्ड पर रोक लगा दी थी, जो पंचायत के प्रतिनिधियों के निर्वाचित होने के बाद भी जारी है। आधार कार्ड की अनिवार्यता के चलते हजारों लोगों के काम बीच में अटक गए हैं। मुजफ्फरनगर बुलेटिन की टीम ने आधार कार्ड बनाने वाले नई मंडी डाकघर और बैंकों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। यहां पर ऐसे काफी लोग मिले, जो आधार कार्ड बनवाने की चाह में भटकते हुए मिले। अलमासपुर के संजीव का कहना था कि पहले तो लॉकडाउन की वजह से उनका आधार कार्ड नहीं बन पाया। वह नई मंडी डाकघर के चक्कर काटकर थक चुका हूँ। हर बार कुछ दिन बाद आने की बात कही जाती है। किसी तरह का सन्तोष जनक जवाब नहीं मिल रहा है। ऐसा ही रोना बचन सिंह कॉलोनी के अमित का था। नई मंडी डाकघर के अधिकारी सर्वर डाउन होने की बात कह रहे हैं। आधार कार्ड कब बनेंगे, इसका जवाब उनके पास नहीं है। आधार कार्ड ना बनने से हाईस्कूल के छात्रों की भी टेंशन बढ़ने लगी है, क्योंकि इस माह 16 अगस्त से इंटर कॉलेज खुलने जा रहे हैं। ऐसे में उन्हें बोर्ड परीक्षा के फार्म भी भरने हैं, जिसमें आधार कार्ड अनिवार्य रूप से लगना है। हाईस्कूल के छात्र हर्ष त्यागी ने बताया कि नए आधार कार्ड पर रोक होने के कारण आने वाले दिनों में दिक्कत बढ़ने वाली है। यदि समय रहते रोक नहीं हटी, तो डाकघर और बैंकों पर भीड़ को संभालना मुश्किल हो जायेगा। उधर डाकघर के एक अधिकारी ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि ऊपर से ही सर्वर बंद चल रहा है। आने वाले दिनों में सर्वर के चलने पर ही आधार कार्ड बन पाएंगे। इसकी अभी कोई डेट लाइन निर्धारित नहीं हुई है। हम भी लोगों को जवाब देते-देते थक चुके हैं। आधार कार्ड बनाने की सूची में इलाहाबाद बैंक 'अब इंडियन बैंक' का नाम भी शामिल है। बुलेटिन टीम ने जब बैंक के अधिकारियों से बात की तो पता चला कि

शेष : पृष्ठ ४ पर

# नीरज चोपड़ा को छह करोड़ रुपये व प्रथम श्रेणी की सरकारी नौकरी देने का ऐलान

हरियाणा, 7 अगस्त ( नेट )। हरियाणा राज्य के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ट्वीट किया कि ऐतिहासिक! लठ गाड़ दिया छोरे...शानदार प्रदर्शन के साथ विश्व के सर्वश्रेष्ठ प्रतियोगियों को पछाड़ते हुए भाला फेंक प्रतियोगिता में भारत को पहली बार स्वर्ण पदक जिताने के लिए नीरज चोपड़ा को ढेर सारी बधाई। इस घड़ी का देश को लंबे समय से इंतजार था। पूरे देश को आप पर गर्व है।' उधर, हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने डांस कर नीरज चोपड़ा की जीत का जश्न मनाया। हरियाणा के पानीपत के निवासी नीरज चोपड़ा ने टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। इसी के साथ हरियाणा सरकार ने नीरज चोपड़ा के लिए अपना खजाना खोल दिया है। नीरज चोपड़ा को हरियाणा सरकार छह करोड़ रुपये की रुपये और एक एक ग्रेड की सरकारी नौकरी देगी। हरियाणा सरकार पंचकूला में सेंटर फॉर एक्सीलेंस ऑफ एथलेटिक्स का निर्माण करवाएगी। प्रथम श्रेणी की नौकरी देकर नीरज चोपड़ा को इस केंद्र का प्रमुख नियुक्त किया जाएगा। इसके अलावा हरियाणा सरकार 13 अगस्त को सम्मान समारोह आयोजित करेगी, जिसमें टोक्यो ओलंपिक में पदक जीतने वाले सभी खिलाड़ियों को इस कार्यक्रम में प्रदेश सरकार सम्मानित करेगी। बता दें कि हरियाणा के नीरज चोपड़ा ने स्वर्ण, पहलवान रवि दहिया ने रजत, पहलवान बजरंग पुनिया ने कांस्य पदक जीता है। वहीं कांस्य जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम में प्रदेश के दो खिलाड़ी सुमित और सुरेंद्र शामिल थे।









# Golden Public School

Pachenda Road, Muzaffarnagar Tel.: 0131-2413427, +91 9457040006, Email: golden.publicmzn@gmail.com , Website: www.gpsmzn.com

Senior Secondary English Medium Co-Educational School Affiliation No. : 2130792

Star performers of Golden Public School in CBSE Class XII and Class X (2020-21)

CONGRATULATIONS TO ALL THE STUDENTS, TEACHERS AND PARENTS

Class XII
100 % Result

Class X
100 % Result



Harshika Saroha (98.2%) | Anubhav Tyagi (98%) | Aditi Rajput (97.4%) | Anurag Sharma (97.2%) | Krish Khanna (97%)

Aanchal Joshi (97.2%) | Akshita Saini (95.4%) | Aditya Choudhary (94.4%) | Ujjwal Tyagi (91%) | Riya Vashishtha (90.6%)



Varsha Chaudhary (96.8%) | Raman Salar (96%) | Trisha (95.2%) | Tanu Tyagi (95%)

| Subject | Highest Score | Student's Name |
|---|---|---|
| English | 99 | Harshika Saroha, Aditi Rajput |
| Mathematics | 99 | Anubhav Tyagi |
| Physical Edu. | 99 | Varsha Chaudhary |
| Painting | 99 | Harshika Saroha, Anubhav Tyagi, Anurag Sharma, Aditi, Krish Khanna, Khushi, Anushika Shrivastav |
| Home Sci. | 99 | Harshika Saroha |
| Physics | 98 | Anubhav Tyagi |
| Chemistry | 98 | Anubhav Tyagi |
| Accounts | 97 | Varsha Chaudhary, Riya Aggarwal |
| B.St. | 97 | Varsha Chaudhary |
| Computer Sci. | 97 | Krish Khanna |
| Economics | 96 | Varsha Chaudhary |
| Hindi | 96 | Varsha Choudhary |
| Biology | 82 | Aditi Rajput |

| OVERALL RESULT | |
|---|---|
| Total No. Appeared | 133 |
| Total Passed | 133 |
| Pass Percentage | 100 |

Students Scored

| | |
|---|---|
| 90 % and above | 24 |
| 80 % and above | 48 |
| 75 % and above | 66 |

| Subject | Highest Score | Student's Name |
|---|---|---|
| Science | 100 | Aanchal Joshi |
| English | 99 | Riya Vashishtha |
| Hindi | 97 | Aanchal Joshi |
| S.St. | 97 | Aanchal Joshi |
| Mathematics | 95 | Aanchal Joshi |

| OVERALL RESULT | |
|---|---|
| Total No. Appeared | 100 |
| Total Passed | 100 |
| Pass Percentage | 100 |

Students Scored

| | |
|---|---|
| 90 % and above | 12 |
| 80 % and above | 24 |
| 75 % and above | 32 |

ADMISSIONS OPEN 2021-22 CLASSES NUR. TO IX & XI (SCIENCE | COMMERCE | HUMANITIES)

# उमस भरी गर्मी पर राहत की बारिश का मरहम

मुजफ्फरनगर, 07 अगस्त ( बु. )। बीते कई दिनों से जारी उमस भरी गर्मी का सामना कर रहे जनपदवासियों को शनिवार की दोपहर को तेज हवाओं और काली घटाओं के साथ आई राहत की झमाझम बारिश ने लोगों को खुशी दी। इस बीच करीब आधा घंटे की बारिश ने नगर की तमाम सड़कों पर जलभराव के साथ निचली बस्तियों में लोगों को परेशान किए रखा। इस दौरान लोगों ने राहत की बारिश में घरों की छतों पर बारिश में भिगने के साथ कई दिनों की गर्मी से राहत ली। शनिवार को झमाझम बारिश ने कई दिनों से दिल्ली-एनसीआर के साथ ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोगों को गर्मी से कहीं जाकर उन्हें कुछ राहत मिली। वहीं मौसम विभाग ने जानकारी देते हुए दावा किया है कि अभी 24 घंटों में क्षेत्र में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। शनिवार को जिले में कई दिनों से जारी गर्मी और उमस के बीच अपराह्न को हुई झमाझम बारिश ने बड़ी राहत दी। इस दौरान तेज हवाओं के साथ नगरीय क्षेत्र में आए बादलों ने कुछ ही देर में मुख्य सड़कों से निचली बस्तियों में जलभराव की समस्या पैदा कर दी, जिससे घंटों की मशक्कत के बाद बारिश के रूकने के बाद ही राहत मिली। शनिवार को मौसम विभाग की ओर से जारी आंकड़ों में नगर का अधिकतम तापमान 33 डिग्री और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस के साथ आर्द्रता 81 प्रतिशत दर्ज की गई। बदले हालातों के बीच मौसम विभाग की तरफ से पूर्व में भी कई इलाकों में बारिश का पूर्वानुमान किया था, जिसके तहत शनिवार को क्षेत्र में राहत की बारिश ने कई इलाकों को झमाझम बारिश के साथ हल्की से मध्यम बारिश के जरिए राहत दी। दिल्ली-एनसीआर के साथ उत्तर प्रदेश में रूक-रूककर जारी बारिश के चलते जहां एक ओर गंगा क्षेत्र में लोग इस बीच जलस्तर बढ़ जाने से बाढ़ की आशंका बनी है, वहीं नदियों का जलस्तर बढ़ रहा है। इतना ही नहीं इससे पहले मौसम विभाग की तरफ से अगले पांच दिनों के दौरान उत्तराखंड और पश्चिम उत्तर प्रदेश में बारिश की बड़ी संभावनाएं जताई है। वहीं राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और जम्मू कश्मीर में 9 अगस्त तक बारिश के आसार बने हैं, जबकि महाराष्ट्र और गुजरात समेत मध्य भारत में भी अगले कुछ दिनों में भारी बारिश की संभावना जताई जा रही है। प्रदेश के कई इलाकों के लिए बारिश की आशंका व्यक्त की जा रही है।

## विश्व हिन्दू शक्ति संगठन ने सौंपा प्रशासन को ज्ञापन

मुजफ्फरनगर, 07 अगस्त ( बु. )। विश्व हिन्दू शक्ति संगठन की जिला इकाई ने गांधी पार्क प्रेमपुरी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा की खराब हालत से अधिकारियों को अवगत कराते हुए वहां नई प्रतिमा स्थापित किए जाने की मांग की। डीएम के नाम नगर मजिस्ट्रेट को सौंपे ज्ञापन में विश्व हिन्दू शक्ति संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष हिमांशु तोमर ने बताया कि प्रेमपुरी के दशकों पुरानी बापू गांधी की प्रतिमा की हालत खराब है और वह कई जगह से खंडित सी हो गई है। इसके साथ ही उन्होंने देश की आजादी के लिए सब कुछ न्यौछार करने वाले बापू गांधी की प्रतिमा की इस स्थिति को सुधारने के साथ आंधी-बारिश से सुरक्षित कराए जाने की मांग की। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि उक्त समस्या का समाधान न किया गया तो विश्व हिन्दू शक्ति संगठन धरना प्रदर्शन को विवश होगा। इस दौरान आशीष शर्मा, पंकज प्रजापति, गोपाल सिंघल, आकाश गुप्ता, पंकज एवं अजय कुमार आदि मौजूद रहे।




# वैक्सीनेशन में सहयोग करने से बड़ा देश सेवा का और कोई कार्य नहीं हो सकता : अंकुर दुआ

मुजफ्फरनगर, ७ अगस्त (बुस.)। रोटरी क्लब चैम्बर द्वारा आज आयोजित किये गये कोविड वैक्सीनेशन कैम्प ने आज सफलता के नए आयाम स्थापित किये। कुलभूषण बजाज एवम् पुरुषार्थी स्कूल के सहयोग से आज के इस शिविर में काफी संख्या में सदस्यों ने तथा गणमान्य लोगों ने भाग लिया। मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक अंकुर दुआ ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में वैक्सीनेशन में सहयोग करने से बड़ा देश सेवा का और कोई कार्य नहीं हो सकता। इससे कोरोना जैसी महामारी से न केवल वह व्यक्ति बचता है, जिसे वैक्सीन लगती है, वरन् हम सब का भी बचाव होता है। श्री दुआ रोटरी क्लब मुजफ्फरनगर चैंबर द्वारा आयोजित वैक्सीनेशन केंद्र में बोल रहे थे। यह कैंप नुमाइश कैंप स्थित पुरुषार्थी कन्या पाठशाला में लगाया गया था। इस अवसर पर भाजपा के जिला अध्यक्ष विजय कुमार शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में देश शत प्रतिशत वैक्सीनेशन की ओर बढ़ रहा है। पूरे कोरोना काल में केंद्र और राज्य सरकार ने जिस प्रकार इस महामारी से निपटा है, वह विश्व में एक उदाहरण है। रोटरी क्लब मुजफ्फरनगर चैंबर के अध्यक्ष रो. संदीप कुच्छल तथा डॉ. ईश्वर चंद्रा ने बताया कि मुजफ्फरनगर चैंबर अपनी स्थापना के २५ वर्ष पूर्ण कर रहा है और इस अवसर पर वर्ष भर में कम से कम २५ समाज सेवा के कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि कम से कम २ कैंप हर महीने रोटरी क्लब मुजफ्फरनगर चैम्बर द्वारा लगाये जाए। रोटरी चैम्बर द्वारा लगाए गए इस शिविर में ३०० लोगों का टीकाकरण किया गया। उल्लेखनीय हैं कि हमे सरकार द्वारा ३०० वैक्सीन ही दी गयी थी और सभी ३०० लोगों को लग गयी। इस अवसर पर क्लब के अनेक वरिष्ठ सदस्य कुल भूषण, अनिल सोबती, डॉ. ईश्वर चंद्रा, वीरेंद्र अग्रवाल, तेजराज, मनोज सेठी, अशोक शर्मा, महेश जिंदल, श्रीमती एवम् श्री मनोज गोयल, अजय ऐरन, राजीव मुंजाल, अजय भार्गव, सुभाष साहनी, अजय गुप्ता, अरुण खण्डेलवाल, पवन जैन, राजेन्द्र सिंघल, डॉ. विजय गुप्ता, इनरव्हील अध्यक्ष राखी कुच्छल, नीलम गोयल, शारदा बजाज, वैक्सीनेशन प्रभारी रेनू गर्ग, विक्की व राधेश्याम (जूता विक्रेता) आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम अंत तक सुचारू रूप से चला।

# कुख्यात लुटेरा पुलिस की गोली से लंगड़ा

खतौली, ७ अगस्त (बु.)। मिली जानकारी के अनुसार सीओ राकेश सिंह व कोतवाली प्रभारी यशपाल सिंह के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस द्वारा बदमाशों के विरुद्ध छेडे अभियान में पुलिस को लगातार शानदार सफलता मिलते रहने से कोतवाली पुलिस का इकबाल बुलन्द बना दिखाई पड़ रहा है। अभियान की इसी श्रंखला में पुलिस अधिकारियों के कुशल निर्देशन में खतौली ग्रामीण क्षेत्र भूड़ चौकी प्रभारी रविन्द्र परिहार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर मीरांपुर मार्ग पर बाईक सवार बदमाशों की जब घेराबंदी की, तो बदमाशों द्वारा पुलिस से बचते हुए भागने का प्रयास किया, परन्तु कोतवाली पुलिस की कड़ी घेराबंदी को भांफते हुए बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी, जिसके जवाब में पलिस द्वारा की गयी जवाबी फायरिंग से पैर में गोली लगने से एक बदमाश लंगड़ा हो गया, जबकि उसका दूसरा साथी भागने में सफल हो गया। पुलिस द्वारा घायल बदमाश से एक तमंचा, दो कारतूस, पच्चीस हजार रुपये सहित एक मोबाईल व एक बाईक भी बरामद की है। सीओ राकेश सिंह व कोतवाली प्रभारी यशपाल सिंह ने बताया कि मुठभेड़ में गिरफ्तार बदमाश का नाम अमित पुत्र ननका निवासी पावली खास, थाना कंकरखेड़ा, जिला मेरठ है, जो एक कुख्यात लुटेरा है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार अमित ने कोतवाली क्षेत्र के गांव गंगदाहड़ी निवासी राजकुमार से मीरांपुर मार्ग पर अपने दो अन्य साथियों के साथ पचास हजार रुपये की लूट की घटना को अंजाम दिया था। कोतवाली पुलिस घटना के पश्चात से घटना में शामिल बदमाशों की तलाश में लगातार जुटी हुई थी। उन्होंने बताया कि कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तार बदमाश के अन्य साथियों की भी तलाश जारी बनी हुई है। सीओ राकेश सिंह ने कोतवाली प्रभारी यशपाल सिंह सहित मुठभेड़ में साहस का परिचय देने वाली पुलिस टीम के कार्य की सराहना की है।

## साँप के डसने से गरीब मजदूर की मौत

भोपा, ७ अगस्त (बु.)। भोपा थाना क्षेत्र के ग्राम सीकरी निवासी खालिद पुत्र वहीद उम्र करीब ४० वर्ष शनिवार की सुबह अपने गांव के करीब चार-पांच लोगों के साथ अतीत का ईख बांधने के लिए गया हुआ था। जैसे ही खालिद द्वारा ईख बांधना शुरू किया, तो ईख के खेत में उसे जहरीले सांप ने काट लिया, जिस पर उसने शोर मचा दिया। आवाज सुन पास में ही उसके साथ काम कर रहे अब्दुल गफ्फार नाजिम व आतिफ खालिद को गाँव में झाड़ फूक के लिए ले आये उसके बाद खालिद को पुरकाजी व भोपा में साँप काटने के इलाज करने वालों के यहाँ ले गये, लेकिन जब तक खालिद की मौत हो चुकी थी। खालिद की मौत की खबर सुन परिवार में कोहराम मच गया। वहीं खालिद अपने पीछे पत्नी गुड़िया व दो लड़के सेफ व आदिल को रोता बिलखता छोड़ गया है। वहीं गाँव के ग्रामीणों ने प्रशासन से मजदूर के परिवार के लिए आर्थिक मदद की मांग की है। गांव देहात में अभी भी एलोपेथिक चिकित्सा से ज्यादा झाड़ फूक पर विश्वास करते हैं, जिसके चलते साँप का विष शरीर में फैल जाता है और रोगी को ठीक से उपचार ना मिलने के कारण अपनी जान से हाथ धोना पड़ जाता है।



# लावारिस अवस्था में घूमते मिले बालक को उसके घर भिजवाया

मुजफ्फरनगर, ७ अगस्त (बुस.)। बाल कल्याण समिति मुजफ्फरनगर द्वारा लावारिस अवस्था में घूमते मिले एक बालक सनी (बदला हुआ नाम) को आज उसके घर झारखंड भेजा गया। नवगठित समिति की अध्यक्ष श्रीमती बीना शर्मा, सदस्यगण सन्दीप राठी, श्रीमती रीना देवी व श्रीमती पिंकी रानी के साथ शिशुगृह की केयरटेकर श्रीमती मुन्नी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। गत सप्ताह भी एक बच्चे को उसके परिवार को सौंपा जा चुका है। बच्चों के परिजनों को तलाश करने में चाइल्ड लाइन का पूर्ण सहयोग रहा।

# अब कांग्रेस ने अगस्त क्रांति दिवस पर भरी हुंकार, भाजपा गद्दी छोड़ो का दिया नारा

मुजफ्फरनगर, 07 अगस्त ( बु. )। राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी और प्रदेशाध्यक्ष अजय कुमार लल्लू व प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज मलिक के दिशा-निर्देश पर जनपद में 9 एवं 10 अगस्त को क्रांति दिवस के रूप में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, महिला सुरक्षा, किसान समस्या, बिगड़ती कानून व्यवस्था और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर विधान सभा स्तर पर पद यात्रा निकालेगी। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एक बैठक का आयोजन जिलाध्यक्ष पं. सुबोध शर्मा एवं शहर अध्यक्ष द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। बैठक में आगामी 9 एवं 10 अगस्त को जिले की तमाम 6 विधानसभाओं पर पद यात्रा निकालने पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष पं . सुबोध शर्मा ने कहा कि जिस तरह से मौजूदा सरकार द्वारा पैट्रोल डीजल और रसोई गैस के दामों में बढ़ोतरी की गई है, उससे आम जनता पर महंगाई की दोहरी मार पड़ी है और रोजगार की समस्या गंभीर है। साथ ही प्रदेश का छोटा व्यापारी त्रस्त है वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष कहते हैं कि प्रदेश में महंगाई की कोई समस्या ही नहीं है। इसी को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस नेतृत्व ने आगामी 9 एवं 10 अगस्त को प्रदेशव्यापी पदयात्रा के माध्यम से इस सोई हुई सरकार को जगाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने जनपद की सभी विधानसभाओं पर विधानसभा वार जिम्मेदारी सौंपी गई। इस कड़ी में 9 अगस्त को बुढ़ाना, चरथावल क्षेत्र के बघरा, पुरकाजी विधानसभा में पदयात्रा निकाली जाएगी। वहीं 10 अगस्त को मीरांपुर क्षेत्र के मोरना, खतौली, मुजफ्फरनगर में कंपनी बाग से मिनाक्षी चौक, शिवचौक होते हुए अहिल्याबाई होल्कर चौक से अंसारी रोड होते हुए मालवीय चौक पर मालवीय जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर पदयात्रा को विश्राम किया जाएगा। बैठक में अकील राना, गुफरान काजमी, सतीश शर्मा, संजीव शर्मा, युगल किशोर भारती, कमल मित्तल, याकूब प्रधान, राहुल भारद्वाज, आबिद अंजान अंसारी, धीरज माहेश्वरी, अजय चौधरी, नीलम गौतम, विनोद चौहान आदि ने अपने सुझाव व्यक्त किए।

## बाबा बनखंडी महादेव मंदिर में सामूहिक रुद्राभिषेक में उमड़ी भीड़

कैराना, ७ अगस्त (बु.)। देर रात शिवरात्रि के महापर्व पर बाबा बनखंडी महादेव मंदिर में सामूहिक रुद्राभिषेक किया गया। शुक्रवार को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ शिवरात्रि का त्यौहार मनाया गया। इतना ही नहीं नगर के शिवालयों में देर शाम तक जलाभिषेक का सिलसिला जारी रहा। उधर शुक्रवार की देर रात बाबा बनखंडी महादेव मंदिर में सामूहिक रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया, जहां पुजारी दिवाकर शास्त्री ने मंत्रोचार के साथ विशेष पूजा अर्चना कर जलाभिषेक कराया, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने सामूहिक रुद्राभिषेक में भाग लिया। इस मौके पर मंदिर कमेटी के अध्यक्ष पंडित स्वराज, दीपक अग्रवाल, अंकुर भारद्वाज, अनिल कुमार मित्तल, अशोक कुमार, अभिषेक गोयल, सुशील सक्सेना, प्रवीण कुमार राठौर आदि शामिल रहे।

# अब डीएस पब्लिक स्कूल के देवांश ने कराटे में जीता गोल्ड



मुजफ्फरनगर, 07 अगस्त ( बु. )। डीएस पब्लिक स्कूल के होनहार छात्र देवांश कुमार ने बीते दिवस स्पोर्ट्स एसोसिएशन मुजफ्फरनगर द्वारा जानसठ में 1 अगस्त को आयोजित इंटर डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स गेम्स-2021 की कराटे स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त करके स्वर्ण पदक प्राप्त किया। देवांश डीएस पब्लिक स्कूल में कक्षा 5वीं का छात्र है। शनिवार को देवांश कुमार की इस सफलता पर बधाई देते हुए स्कूल प्रधानाचार्या संतोष जैन एवं स्कूल एडमिनिस्ट्रेटर गगन शर्मा ने उसे प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्या संतोष जैन व एडमिनिस्ट्रेटर गगन शर्मा ने देवांश की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि छोटी आयु वर्ग में ही देवांश ने जो सफलता प्राप्त की है, उसके लिए उसके प्रशिक्षक बधाई के पात्र हैं। उन्होंने देवांश को जीत की बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उक्त प्रतियोगिता का आयोजन 1 अगस्त को स्पोर्ट्स एसोसिएशन मुजफ्फरनगर द्वारा जानसठ कस्बे में किया गया था। स्वर्ण पदक जीतने पर खुशी व्यक्त करते हुए छात्र देवांश ने कहा कि उसका सपना भविष्य में देश के लिए पदक जीतकर देश की सेवा करना है, जिसके लिए वह संभव प्रयास जारी रखेगा।

# उद्यमी जिन चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, उन पर विचार कर पार्टी संगठन को अवगत कराएंगे : कुशपुरी




मुजफ्फरनगर, ७ अगस्त (बुस.)। लघु उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कुश पुरी जयपुर में इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के वार्षिक अधिवेशन में पहुंचे। अधिवेशन में पूरे उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से लगभग ३०० से अधिक उद्यमियों ने प्रतिभाग किया। अधिवेशन में कुश पुरी का जोरदार स्वागत किया गया और उद्यमियों ने उन्हें भाजपा लघु उद्योग प्रकोष्ठ का प्रदेश संयोजक बनाए जाने पर हर्ष व्यक्त किया और आशा की कि उनके जैसा कोई जानकार व्यक्ति लघु उद्योग प्रकोष्ठ का संयोजक बनने से औद्योगिक विषयों पर और गंभीरता प्राप्त होगी। कुश पुरी ने अधिवेशन में भाग लेते हुए लगभग ५० जिलों से आए विभिन्न प्रतिनिधियों से मुलाकात की और उनके जिलों में उद्यमी जिन चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। उन पर विचार किया व उन्हें आश्वस्त किया की पार्टी संगठन को उनकी चुनौतियों से अवगत कराएंगे और सरकार तक आपकी बात पहुंचाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने उद्यमियों को कहा कि योगी सरकार ने पिछले ४ वर्षों से उत्तर प्रदेश में बहुत गंभीरता से औद्योगिक विकास पर काम किया है और अब उसका प्रभाव दिखने लगा है। कुश पुरी ने उद्यमियों से आह्वान किया कि एक बार फिर से योगी जी को सरकार में लाने के लिए अपना पूरा समर्थन दें, जिससे कि इन औद्योगिक नीतियों को जारी रखा जा सके।

# प्रदेश में विस चुनाव में 2017 की तरह हो तैयारी: प्रदेशाध्यक्ष



मुजफ्फरनगर, 07 अगस्त ( बु. )। शनिवार को भाजपा के गांधीनगर पार्टी कार्यालय पर भारतीय जनता पिछड़ा मोर्चा पश्चिम क्षेत्र के प्रदेश अध्यक्ष व क्षेत्रीय अध्यक्ष का मुख्यालय पहुंचने पर कार्यकर्ताओं के द्वारा भव्य स्वागत किया। गांधीनगर स्थित पार्टी कार्यालय पर संपन्न स्वागत कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे प्रदेशाध्यक्ष नरेन्द्र कश्यप ने कार्यकर्ताओं से केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनोपयोगी योजनाओं को आमजन तक हर स्थिति में पहुंचाने के साथ ही आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों में जुट जाने का आह्वान किया। शुक्रवार को भारतीय जनता पिछड़ा मोर्चा पश्चिम क्षेत्र की एक आयोजित कार्यक्रम में गांधी नगर स्थित पार्टी कार्यालय पर संगठन के क्षेत्रीय महामंत्री रूपेन्द्र सैनी एवं क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी हरीश अहलावत ने अतिथियों का इस बीच माल्यार्पण करते हुए भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान भाजपा पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र कश्यप व क्षेत्रीय अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा हरवीर पाल ने कार्यकर्ताओं से धरातल पर संगठन के गठन व बूथ स्तर तक कमेटियों की सक्रियता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा पिछड़ा मोर्चा की अब अग्नि परीक्षा का वक्त आ ही गया है। उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग को अपनी सार्थकता दिखाने के लिए इस बार भी वर्ष 2017 की तरह काम करना होगा, तभी वर्ष 2022 में उत्तर प्रदेश में फिर से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। पार्टी कार्यालय पर संपन्न स्वागत कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला एवं संचालन रोहताश पाल ने किया। इस दौरान मुख्य रूप से पार्टी दफ्तर पर प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवेन्द जांगड़ा, कार्यक्रम संयोजक हरीश अहलावत, जगदीश पांचाल, देशबंधु तोमर, नरेश पांचाल, मनोज पांचाल, नवनीत पाल, विजय प्रजापति, ऋषिपाल, नवीन पांचाल, महेश वर्मा समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बीएससी ( कम्प्यूटर साईंस ) प्रथम सेमेस्टर के छात्रों ने किया जिले का नाम रोशन



मुजफ्फरनगर, ७ अगस्त (बुस.)। आज एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में बीएससी (कम्प्यूटर साईंस) प्रथम सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित होने के उपलक्ष में कॉलेज सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल व विभागाध्यक्ष डॉ. संजीव तायल ने तीनों छात्रों को प्रमाणपत्र व स्मृति चिन्ह भेंटकर उनको इसी क्रम में भविष्य में निरन्तर आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल ने इस अवसर पर कहा कि बच्चों की मेहनत व शिक्षकों का सही मार्गदर्शन ही बच्चों का भविष्य उज्जवल बनाता हैं। डॉ. संदीप मित्तल ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमारे कॉलेज का परीक्षाफल इस वर्ष भी पिछले वर्ष की ही तरह बहुत अच्छा रहा व उन्होंने बीएससी (कम्प्यूटर साईंस) विभाग के विभागाध्यक्ष व सभी शिक्षकगणों को बधाई दी। बीएससी (कम्प्यूटर साईंस) विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. संजीव तायल ने बताया कि परीक्षाफल में प्रथम स्थान पर आने वाली तनु वर्मा, जिसने ८०.४ प्रतिशत, द्वितीय स्थान पर आने वाले देवान्श कुमार ने ७७ प्रतिशत व तृतीय स्थान पर आने वाली आस्था राठी रही, जिसने ७२.६ प्रतिशत अंक प्राप्त किये। उन्होंने तीनों छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि मुझे अत्यन्त खुशी है कि हमारे कॉलेज के तीनों छात्रों ने जिले में कॉलेज का नाम रोशन कर अपना व अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। मै तीनों छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ। उन्होंने बताया कॉलेज में समय समय पर विभिन्न कम्पनी आकर छात्रों को प्लेसमैन्ट भी करती है, जिसमें अब तक काफी छात्र बीसीए कोर्स करते ही उच्चतम कम्पनियों में कार्यरत हो चुके हैं। प्रथम स्थान पर आने वाली तनु वर्मा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व बीएससी (कम्प्यूटर साईंस) विभाग के सभी शिक्षक गणों को दिया। द्वितीय स्थान पर आने वाले देवान्श कुमार ने अपनी सफलता का श्रेय भगवान को व कॉलेज में अच्छे अनुशासन को दिया। उसने कहा कि एसडी मैनेजमेंन्ट में पढ़ाई का अच्छा माहौल है एवं सभी शिक्षकगण बहुत ही सहायक है। तृतीय स्थान पर आने वाली आस्था राठी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों व अपने माता-पिता को दिया। उसने कहा कि मै और मेहनत से पढ़ाई कर अगले वर्ष प्रथम स्थान पर आने की पूरी कोशिश करुँगी। मीडिया प्रभारी डॉ. आलोक गुप्ता ने बताया कि इस अवसर पर बीसीए विभाग के वैभव वत्स, चंदना दीक्षित, नवनीत चौहान, रोबिन गर्ग, मोहित गोयल, श्वेता, राहुल शर्मा, रोबिन मलिक, तरुण शर्मा, प्रशान्त, विनिता, सतीश, शशांक आदि शिक्षकगण व स्टॉफ उपस्थित रहे।

# युवक की बेरहमी से बांधकर पिटाई की

भोपा, ७ अगस्त (बु.)। भोपा थानाक्षेत्र के बहुपुरा गांव में आम के बाग में नुकसान करने से रोकने पर युवकों ने भोकरहेड़ी निवासी युवक को बांधकर जमकर मारपीट की। किसी तरह ग्रामीणों व राहगीरों ने युवक की जान बचाई। भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी निवासी राहुल ने बताया कि शनिवार सुबह वह बहूपूरा गांव में स्थित अपने आम के बाग में गया था। वहां पर कुछ महिलाएं उसके बाग में नुकसान कर रही थी, जिस पर उसने उन्हें रोकने का प्रयास किया, तभी एक महिला की सूचना पर बहुपूरा गांव के दर्जनों युवक पीड़ित के आम के बाग में आ गए और आते ही उसे बंधक बनाकर मारपीट करनी शुरू कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका शोर-शराबा सुनकर ग्रामीणों ने बाग पर आकर उसकी जान बचाई, वहीं पीड़ित ने थाने में प्रार्थना-पत्र देकर आरोपियो के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। वहीं दूसरी घटना में भोपा थाना क्षेत्र के बहूपुरा निवासी सचिन ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि शनिवार सुबह उसकी माता शोभा गांव के ही जंगल में लकड़ी लेने के लिए गई थी, जब वह लकड़ी इकट्ठा कर रही थी, तभी भोकरहेड़ी निवासी युवक वहां आया और उसकी मां के साथ गाली-गलौच करने लगा युवक इतने पर ही नहीं रुका। उसने महिला की चोटी पकड़कर खींच लिए और उसे अपने बाग में ले गया और गाली-गलौच करते हुए महिला पर लात घूंसे बरसा दिए, जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला ने थाने पहुंचकर कार्यवाही की गुहार लगाई है, वहीं पुलिस ने बताया कि दोनों ही ओर से प्रार्थना पत्र आए हैं, जिसकी जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्यवाही की जायेगी।

## नौकर के साथ की बेरहमी से मारपीट

भोपा, ७ अगस्त (बु.)। थाना क्षेत्र के व्यक्ति ने नौकर के साथ मानवता की हद पार करते हुए दूसरे प्रदेश से आए नौकर के साथ मारपीट करते हुए उसका हाथ तोड़ दिया। नौकर ने मालिक पर उसकी तनख्वाह ना देने का आरोप भी लगाया है। नौकर ने भोपा थाने पर तहरीर देकर कार्रवाही की मांग की है। बिहार राज्य के सहरसा जिले के निवासी राजकुमार ने थाने पर प्रार्थना-पत्र देते हुए कहा कि वह भोपा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति की पास लगभग दो वर्ष से काम करता था, लेकिन मालिक द्वारा उसे किसी प्रकार की तनख्वाह नहीं दी है और पैसे मांगने पर गालियों के साथ व्यवहार करते हुए मारपीट की और लाठी मारकर उसका बायां हाथ तोड़ दिया। उसने आरोप लगाया कि मालिक उसे घर नहीं जाने देता और जोर जबरदस्ती काम कराता है। नौकर ने थाने पर तहरीर देकर अपने तनख्वाह के पैसे दिलाने की गुहार लगाई हैं।

## खंद्रावली में दो पक्षों में मारपीट, आधा दर्जन से अधिक घायल

कांधला, ७ अगस्त (बु.)। थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली में मामूली बात को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट व पथराव हुआ। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों के आधा दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में ले लिया और शांति भंग की धारा में चालान कर जेल भेज दिया। थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली में शनिवार की सुबह इमरान व आबिद पक्ष के बीच मामूली कहासुनी हो गई। शोर-शराबा होने पर दोनों पक्षों के लोग मौके पर आ गए। दोनों पक्षों में जमकर मारपीट पथराव हुआ। मारपीट पथराव में एक पक्ष से आबिद, इंतजार, इस्तकार व शोएब जबकि दूसरे पक्ष से इमरान, रिजवान व वकील मामूली रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों के सात लोगों को हिरासत में ले लिया और थाने ले आई। पुलिस ने पकड़े गए सभी लोगों का शांति भंग की धारा में चालान कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक रोजन्त त्यागी ने बताया कि गांव खंद्रावली में दो पक्षों में मारपीट हो गई थी। पकड़े गए सभी लोगो को शांति भंग की धारा में जेल भेज दिया गया है।

## गांव हुसैनपुर कलां में मकान भर-भराकर गिरा

बुढ़ाना, ७ अगस्त (बु.)। बीती रात गांव हुसैनपुर कलां में एक पुश्तैनी मकान बारिश के चलते खिल जाने से भर-भराकर गिर गया, जिसमें घर के अंदर रखा घरेलू सामान नष्ट हो गया। ये तो गनीमत रही कि परिवार के सभी सदस्य बाहर सोए हुए थे। इस मामले में एसडीएम को तहरीर देकर मुआवजे की मांग की गई है। मुरसलीन पुत्र मेहर इलाही ग्राम हुसैनपुर कलां ने आज शनिवार को बुढ़ाना एसडीएम को एक प्रार्थना-पत्र देते हुए बताया कि वह मजदूरी करके अपना व अपने परिवार का पालन पोषण करता चला आ रहा है। उसका हुसैनपुर कलां में एक दाद इलाही मकान है। बरसात के मौसम में हो रही बरसात में उसके मकान में बरसात का पानी चले जाने के कारण बीती शुक्रवार की देर रात्रि ११ बजे उसका मकान गिर गया। वह अपने बच्चों के साथ बाहर सोया था। मकान गिरने की आवाज सुनकर वह उठा, तो काफी भयभीत हो गया। वह आर्थिक रूप से काफी कमजोर है अपने मकान का नवनिर्माण करने में असमर्थ है, क्योंकि बीते वर्ष २०२० से लॉकडाउन होने के कारण उसकी आर्थिक स्थिति काफी कमजोर है। पीड़ित ने एसडीएम से मुआवजे की मांग की है। उधर एसडीएम ने पीड़ित को जांच के बाद शासन से मुआवजा दिलाए जाने की बात कही है।

## कैनरा बैंक के मैनेजर पर लगा ०१ लाख हड़पने का आरोप

बुढ़ाना, ७ अगस्त (बु.)। एक पीड़ित ने कैनरा बैंक बुढ़ाना के मैनेजर पर ऋण का एक लाख रुपए डकारने का आरोप लगाया है। प्रविन्द्र पुत्र रूहला निवासी ग्राम सफीपुर बुढाना जिला मुजफ्फरनगर ने आज शनिवार को समाधान दिवस में एक प्रार्थना-पत्र देते हुए बताया कि वह कैनरा बैंक बुढाना से ऋण लेने के लिये ब्रांच मैनेजर से मिला था। उसको ऋण देने के लिये मैनेजर ने उससे कागजात मंगाये थे ओर ऋण देने के लिये कह दिया था, जिसके बाद उसने अपनी पैनल अधिवक्ता फाईल बनवायी थी। उसके सभी कागजात व बैंक प्रकिया पूर्ण करने के बाद उसको ऋण देने से मना कर दिया था। उसको लगभग दो महीने से रोज चक्कर कटवाये जा रहे हैं। उसका अब तक लगभग ०५ हजार रुपए का खर्च फाईल बनवाने और चढ़वाने का आया है। अब उसका एक लाख रुपए का ऋण नकल खतौनी पर दर्ज हो गया है, लेकिन अभी तक बैंक मैनेजर ने उसको एक रुपया भी नहीं दिया है। मैनेजर अब उसको उक्त ऋण देने को मना कर रहा है। पीड़ित ने अधिकारियों से आग्रह किया है कि वे उसके ऋण का एक लाख रूपया दिलवाएं और उसके द्वारा ऋण के सम्बंध मे जो रुपया खर्च हुआ है, वो दिलवाया जाए। अधिकारियों ने उक्त पीड़ित को जांच के बाद रुपया दिलवाए जाने की बात कही है।

## आज का इतिहास

नयी दिल्ली, 07 अगस्त ( वार्ता )। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 08 अगस्त की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं :- 1509- विजय नगर सम्राज्य के सम्राट के रूप में महाराज कृष्णदेव राय की ताजपोशी। 1549- फ्रांस ने इंग्लैंड के खिलाफ युद्ध की घोषणा की। 1609- वेनिस की सीनेट ने गैलिलियो द्वारा तैयार दूरबीन का निरीक्षण किया। 1763- वर्षों के संघर्ष के बाद अंततः कनाडा फ्रांस के अधिकार से स्वतंत्र हुआ। 1864- जिनीवा में रेड क्रॉस की स्थापना। 1876- थॉमस अल्वा एडिसन ने मिमियोग्राफ का पेटेंट कराया। 1899- ए.टी. मार्शल ने रेफ्रिजरेटर का पेटेंट कराया। 1900- बोस्टन में पहली डेविस कप श्रृंखला की शुरुआत। 1908- शास्त्रीय संगीत गायिका सिद्धेश्वरी देवी का जन्म। 1919- ब्रिटेन ने अफगानिस्तान की आजादी को मंजूरी दी। 1942- महात्मा गांधी ने भारत छोड़ो आंदोलन की शुरुआत की। 1947- पाकिस्तान ने अपने राष्ट्रीय ध्वज को मंजूरी दी। 1988- अफगानिस्तान में 9 साल के युद्ध के बाद रूसी सेना की वापसी शुरू हुई। 1988- आठ वर्ष तक चले संघर्ष के बाद ईरान और इराक के बीच युद्धविराम की घोषणा। 1990- इराक के तत्कालीन तानाशाह सद्दाम हुसैन ने कुवैत पर कब्जे का ऐलान किया। 2004- इटली ने बोफोर्स दलाली मामले के मुख्य आरोपी ओट्टाविया क्वात्रोची को भारत को सौंपने से इनकार किया। 2010- तेजस्विनी सावंत म्युनिख में आयोजित विश्व निशानेबाजी प्रतियोगिता की 50 मीटर स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर यह उपलब्धि प्राप्त करने वाली प्रथम भारतीय महिला बनीं। 2013- पाकिस्तान के क्वेटा में 2013 को आत्मघाती हमले में 28 लोग मारे गए।

## आपका आज का राशिफल

रविवार, 08 अगस्त, 2021

**मेष**-आज दिन 11/55 बजे तक इच्छा की पूर्ति, अध्यात्म के प्रति रुचि, आहार-विहार में नवीनता, शेष समय निराशाजनक, सोचे हुए कार्य अपूर्ण, गलतफहमी के शिकार।

**वृषभ**-परिश्रम के अनुरूप सफलता, मनोभिलाषित योजना पूर्ण होने की ओर, वैवाहिक जीवन सुखद, यात्रा का प्रसंग, उत्तरदायित्व की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील।

**मिथुन**-चिरवांछित कार्यों के बनने से प्रसन्नता, सुसंदेश की प्राप्ति, परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण, रचनात्मक कृत्यों की ओर रुझान, संकल्प सिद्धि, लाभ।

**कर्क**-आज दिन 11/55 बजे तक दिनमान प्रतिकूल, अधीनस्थ सहयोगी से अभाव, वाहन से भय, शेष समय अच्छा, व्यापारिक प्रगति, उच्चाधिकारियों का सहयोग।

**सिंह**-आज दिन 11/55 बजे तक कार्यों में सफलता, शुभ विचारों का उदय, यात्रा संतोषजनक, शेष समय अशुभ, आर्थिक पक्ष से असंतोष, विरोधी प्रभावी।

**कन्या**-उन्नति का सुअवसर, विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, योजना साकार होने की ओर, प्रियजनों से विचार-विमर्श, राजनैतिक कृत्यों की ओर संलग्नता।

**तुला**-नवयोजना दृष्टिगत, व्यक्तिगत समस्याओं का समाधान, शिक्षा के क्षेत्र में सफलता, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, सुख के जरूरी साधन सुलभ, आनन्द की अनुभूति।

**वृश्चिक**-आज दिन 11/55 बजे तक कठिनाइयाँ प्रभावी, स्वास्थ्य में व्यतिक्रम, विवाद की आशंका, हानि भी, शेष समय भाग्य के पक्ष में, प्रेम संबंधों में मधुरता।

**धनु**-आज दिन 11/55 बजे तक प्रगति का सुअवसर, निराशा का समापन, नवसम्पर्क उपयोगी, लाभ, शेष समय में ग्रहस्थिति भाग्य के विपरीत, पारिवारिक कलह।

**मकर**-अभीष्ट सिद्धि हेतु प्रयास, साझेदारी से लिया गया निर्णय हितकर, प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, उत्साह में वृद्धि।

**कुम्भ**-परिस्थितियाँ भाग्य के पक्ष में, निजी पुराने विवाद का समापन, मनो-विनोद के अवसर प्राप्त, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु अधिक व्यय, आपकी सौहार्द।

**मीन**-आज दिन 11/55 बजे तक स्वास्थ्य में शिथिलता, दिनचर्या अव्यवस्थित, मित्रों से तनाव, शेष समय में निराशा का समापन, दूसरे की आश्वासनों से राहत।

**विमल जैन**, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-२/१-७६,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-२२१००२ मोबाइल ६३३५४१४७२२

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण संवेदनशील होकर प्राथमिकता पर करना सुनिश्चित किया जाये : डीएम

मुजफ्फरनगर, ७ अगस्त (सूवि)। डीएम व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव व मुख्य विकास अधिकारी आलोक यादव तहसील जानसठ में समय से पहुंचकर शिकायतों को सुना, जिसमें डीएम ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण संवेदनशील होकर प्राथमिकता पर करना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि समयबद्धता का विशेष रूप से ध्यान रखा जाये। उन्होंने कहा कि यह भी ध्यान रखा जाये कि एक ही प्रकृति की समस्या के निस्तारण के लिए फरियादी को बार-बार न आना पड़े। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस प्रणाली के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया जायें। डीएम आज जानसठ तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जन शिकायतों का निस्तारण कर रहे थे। उन्होंने फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरता के साथ सुना और उनका जल्द ही निस्तारण कराने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का अधिकारीगण संवेदनशील होकर तत्परता के साथ इनका निस्तारण करें। इसके अतिरिक्त चकबन्दी विभाग, शिक्षा विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग, कृषि विभाग, पीडब्ल्यूडी, पुलिस, समाज कल्याण विभाग, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन आदि विभागों की समस्याओं पर डीएम ने निर्देश दिये कि एक सप्ताह के अन्दर शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित कराया जाये। आज सम्पूर्ण समाधान दिवस जानसठ में ४८ शिकायतें प्राप्त हुई। डीएम ने कहा कि शिकायत लंबित न रखी जाये और शिकायत प्राप्त होते ही उनके निस्तारण की कार्यवाही प्राथमिकता पर संचालित की जाये। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापरक ढंग से कराया जाये। इसके अतिरिक्त डीएम ने यह भी निर्देश दिये कि जन सामान्य के कल्याणार्थ संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को दिया जाना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि जन सामान्य को मूलभूत सुविधायें प्रदान की जायें। तहसील सदर में अपर जिलाधिकारी (वि. रा.) आलोक कुमार ने शिकायतों को सुना, जिसमे कुल शिकायतें १८ प्राप्त हुई। तहसील खतौली में अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने भी समय से पहुंचकर फरियादियों की शिकायतों को सुना, जिसमें १६ शिकायतें प्राप्त हुई। सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये की सप्ताह के अन्दर शिकायतों का निस्तारण करे। बुढ़ाना तहसील में उप जिलाधिकारी अजय कुमार अम्बष्ट ने सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जनसमस्याएं सुन उनका निस्तारण किया। आज बुढ़ाना सम्पूर्ण समाधान दिवस में २२ शिकायतें प्राप्त हुई। मौके पर २ शिकायतों का निस्तारण किया। इस अवसर पर समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक- अंकुर दुआ
उप-सम्पादिका-श्रीमति पूजा दुआ
(आ.)-98370-42840, 94127-10840
विज्ञापन- 9368549219 (नि.) 7983359929,
सम्पादक- 9412210257
e-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

# नीरज ने रचा स्वर्णिम इतिहास, भारत ने लंदन को पीछे छोड़ा

1973-2021

## सम्पादक की क़लम से

## नीरज ने जीता स्वर्ण पदक

टोक्यो ओलंपिक में भारत के जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने कल इतिहास रच दिया। नीरज ने 13 साल बाद ओलंपिक में भारत को गोल्ड मेडल दिलाया है। उन्होंने फाइनल राउंड में नंबर एक पोजीशन पर रहकर भाला फेंक स्पर्धा का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। भारत को इससे पहले 2008 के बीजिंग ओलंपिक में शूटर अभिनव बिंद्रा ने गोल्ड मेडल दिलाया था। उसके बाद आज नीरज चोपड़ा ने 13 साल के इंतजार को खत्म करते हुए भारत के लिए इतिहास रच दिया है। नीरज चोपड़ा इसी के साथ ट्रैक एंड फील्ड इवेंट में भारत के लिए ओलंपिक में मेडल जीतने वाले पहले एथलीट बन गए हैं। इससे पहले भारत ने ओलंपिक इतिहास में कभी भी ट्रैक एंड फील्ड इवेंट में स्वर्ण पदक नहीं जीता था। यह ओलिंपिक खेलों में भारत का अब तक का 10वां गोल्ड मेडल है। भारत ने इससे पहले हॉकी में 8 और शूटिंग में 1 गोल्ड मेडल जीता है। इस तरह भारत का यह सिर्फ दूसरा इंडिविजुअल गोल्ड मेडल भी है। फाइनल राउंड में नीरज के आसपास भी कोई खिलाड़ी नहीं देखने को मिला। इस स्पर्धा के पहले थ्रो में नीरज ने जहां 87.3 मीटर तक थ्रो फेंक कर नंबर एक पोजीशन बना ली थी। वहीं दूसरे थ्रो में उन्होंने इससे भी ज्यादा 87.58 मीटर तक थ्रो फेंक कर अपनी स्वर्ण पदक की पकड़ को और मजबूत किया। हालांकि तीसरा थ्रो उनका खास नहीं रहा और चौथे अटेम्प्ट में उन्होंने फाउल कर दिया था। भाला फेंक प्रतिस्पर्धा में दूसरे और तीसरे स्थान पर चेक खिलाड़ी रहे। भारतीय सेना के सूबेदार नीरज चोपड़ा के चाचा भीम चोपड़ा ने कहा है कि मैंने पहले ही कहा था कि गोल्ड मेडल तो म्हारे छोरे का ही है। फाइनल में 11 खिलाड़ियों पर मेरा भतीजा भारी पड़ा। कोई भी नीरज के 87.58 मीटर के रिकॉर्ड तक नहीं पहुंच पाया। नीरज चोपड़ा का मुकाबला देखने के लिए उनके पानीपत के गांव खांडरा स्थित घर में बड़ी स्क्रीन लगाई गई। घर में पूरा परिवार, रिश्तेदार, गांववाले और एथलेक्टिक्स फेडरेशन के अधिकारी जुटे। उन्होंने एक साथ लाइव मुकाबला देखा। पंडाल लगाकर कुर्सियां लगाई गई। गांव के बड़े बुजुर्ग, बच्चे और महिलाएं सुबह से ही नीरज के घर पर जुटने लगे थे। नीरज चोपड़ा की इस जीत के साथ ही भारत के टोक्यो ओलंपिक में 7 पदक हो गए हैं और यह किसी एक ओलंपिक खेल में सबसे अधिक पदक लाने का भारत का नया रिकॉर्ड है। इससे पहले 2012 लंदन ओलंपिक खेलों में भारत ने छह पदक जीते थे। इसके साथ ही नीरज ओलंपिक के व्यक्तिगत स्पर्धा में भारत के लिए गोल्ड जीतने वाले केवल दूसरे खिलाड़ी बने हैं। अभिनव बिंद्रा ने बीजिंग ओलंपिक 2008 के 10 मीटर राइफल शूटिंग में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता था। पहली बार ओलंपिक में खेल रहे नीरज चोपड़ा क्वॉलिफिकेशन राउंड में दोनों ही ग्रुप में सबसे ऊपर रहे थे, तब 23 वर्षीय इस एथलीट ने 86.65 मीटर भाला फेंका था। अंजू बॉबी जॉर्ज के बाद विश्व की किसी भी बड़ी एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले नीरज सिर्फ़ दूसरे भारतीय एथलीट हैं। लड़कपन में नीरज भारी भरकम होते थे, क़रीब 80 किलो वज़न वाले। फिटनेस ठीक करने के हिसाब से वो पानीपात में स्टेडियम जाने लगे और दूसरों के कहने पर जैवलिन में हाथ आज़माया और वहीं से सफ़र शुरू हुआ। बेहतर सुविधाओं की तलाश में नीरज पंचकुला शिफ्ट कर गए और पहली बार उनका सामना राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों से हुआ। उन्हें बेहतर सुविधाएं मिलने लगीं, जब राष्ट्रीय स्तर पर खेलने लगे, तो ख़राब क्वॉलिटी वाली जैवलिन की बजाय हाथ में बढिया जैलविन आ गई। धीरे-धीरे नीरज के खेल में तब्दीली आती गयी, जब 2016 में भारत पीवी सिंधु और साक्षी मलिक के मेडल का जश्न मना रहा था, तो एथलेक्टिस की दुनिया में कहीं और एक नए सितारे का उदय हो रहा था। ये वही साल है, जब नीरज ने पोलैंड में -20 विश्व चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता। जल्द ही ये युवा खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छाने लगा। नीरज चोपड़ा ने गोल्ड कोस्ट में हुए राष्ट्रमंडल खेलों में 86.47 मीटर के जैवलिन थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता, तो 2018 में एशियाई खेलों में 88.07 मीटर तक जैवलिन थ्रो कर राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था और स्वर्ण पदक भी जीता। 2019 नीरज चोपड़ा के लिए बेहद मुश्किलों भरा रहा। कंधे की चोट के कारण वे खेल नहीं पाए और सर्जरी के बाद कई महीने तक आराम करना पड़ा। फिर 2020 आते-आते तो कोरोना के चलते अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताएँ नहीं हो पाई। 2012 में जब वो बास्केटबॉल खेल रहे थे, तो उनकी कलाई टूट गई। वही कलाई जिससे वो थ्रो करते हैं, तब नीरज ने कहा था कि एक बार उन्हें लगा था कि शायद वे न खेल पाएं, लेकिन नीरज की मेहनत और उनकी टीम की कोशिश से वो उस पड़ाव को भी पार गए। वर्तमान में भले ही उनके पास विदेशी कोच हैं, बायोमैकेनिकल एक्सपर्ट हैं, पर 2015 के आस-पास तक नीरज ने एक तरह से ख़ुद ही अपने आप को ट्रेन किया, जिसमें घायल होने का ज्यादा ख़तरा बना रहता है। उसके बाद ही उन्हें अच्छे कोच और दूसरी सुविधा मिलने लगी। इस प्रतिस्पर्धा के मजबूत दावेदार माने जाने वाले जर्मन खिलाड़ी जोहानेस वेटर फाइनल में 85.30 मीटर के थ्रो के साथ चौथे स्थान पर पिछड़ गए। क्वालिफिकेशन राउंड में 85.64 मीटर के साथ वेटर दूसरे स्थान पर रहे थे। वेटर वही खिलाड़ी हैं, जो 2019 में जैवलिन थ्रो के वर्ल्ड रिकॉर्ड को केवल 72 सेंटीमीटर से तोड़ने से चूक गए थे, तब उन्होंने 97.76 मीटर जैवलिन फेंक कर अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था। फ़ाइनल में पाकिस्तान के अरशद नदीम 84.62 मीटर के थ्रो के साथ पांचवे स्थान पर रहे। नदीम ने क्वालिफिकेशन में इससे बेहतर प्रदर्शन किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नीरज चोपड़ा के प्रदर्शन की तारीफ़की। अपने बधाई संदेश में पीएम मोदी ने लिखा, टोक्यो में इतिहास लिखा गया है। नीरज चोपड़ा ने आज जो उपलब्धि हासिल की उसे हमेशा याद किया जाएगा। युवा नीरज ने असाधारण प्रदर्शन किया है। उन्होंने अद्भुत जुनून और अदम्य धैर्य दिखाया। गोल्ड जीतने के लिए उन्हें बधाई।

### चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

'नीरज' 'भाला' 'सोना' 'खेला'  
चमकी निगाहें सबकी,सब दे रहे बधाई,  
नीरज ने भाला फेंका,भारत ने सोना जीता।  
इस बार अपने मेडल,हर बार से अधिक हैं,  
जापान की ज़मीं पर,अबके हुआ है खेला।


ੴ सतगुरू प्रसाद



बड़े दु:ख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूजनीय नानीजी **श्रीमती राजकौर** (पत्नी स्व. जगदीश सिंह कत्याल) का **स्वर्गवास दिनांक 5 अगस्त 2021, दिन बृहस्पतिवार** को हो गया था। वाहेगुरू जी की ऐसी ही इच्छा थी।

जिनकी **अंतिम अरदास (भोग) दिनांक 9 अगस्त 2021, दिन सोमवार** को **दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक**, *स्थान : गुरूद्वारा, गांधी कॉलोनी, गली नं. 10, मुजफ्फरनगर* में होनी सुनिश्चित हुई है।

**शोकाकुल परिवार**

सरदार अमरजीत सिंह हनी (धेवता)  
RM Mankind  
सरदार सुखदर्शन सिंह बेदी (भाई)  
(निवर्तमान सदस्य उ.प्र. अल्पसंख्यक आयोग),  
एवं समस्त बेदी परिवार


टोक्यो, 07 अगस्त (वार्ता)। भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने शनिवार को अपने दूसरे प्रयास में 87.58 मीटर की थ्रो के साथ टोक्यो ओलम्पिक में भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर नया स्वर्णिम इतिहास रच दिया। नीरज ने ओलम्पिक में भारत का पहला एथलेटिक्स पदक जीता और वह भी स्वर्ण पदक के रूप में। भारत ने इसके साथ ही ओलम्पिक में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का कीर्तिमान बना डाला और लंदन में छह पदक जीतने के अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को पीछे छोड़ दिया। भारत का इन खेलों में यह सातवां पदक था। भारत ने इससे पहले दो रजत और चार कांस्य पदक जीते थे। भारोत्तोलक मीराबाई चानू और पहलवान रवि कुमार दहिया ने रजत पदक जीते जबकि महिला मुक्केबाज लवलीना बोर्गोहैन, बैडमिंटन स्टार पीपी सिंधू, भारतीय पुरुष हॉकी टीम और पहलवान बजरंग पुनिया ने कांस्य पदक जीते। बजरंग ने कुछ घंटे पहले ही कांस्य पदक जीता था, लेकिन उनके पदक में नीरज ने स्वर्णिम ख़ुशी का रंग भर दिया। युवा एथलीट नीरज ने अपने दूसरे प्रयास में 87.58 मीटर की थ्रो फेंकी, जो अंत में उन्हें स्वर्ण पदक दिलाने वाली साबित हुई। चेक गणराज्य के दो एथलीटों जाकूब वादलेच (86.67) को रजत और विट्ज़सलाव वेस्ली (85.44) को कांस्य पदक मिला। टूर्नामेंट में प्रबल दावेदार के रूप में उतरे जोहानस वेटर फाइनल राउंड में भी नहीं पहुंच सके और नौवें स्थान पर रहकर बाहर हो गए। नीरज ने अपने स्वर्ण प्रदर्शन के साथ ही राइफल निशानेबाज अभिनव बिंद्रा के 2008 बीजिंग ओलम्पिक में देश का पहला व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने के प्रदर्शन की भी बराबरी कर ली। नीरज इसके साथ ही ओलम्पिक के इतिहास में भारत का पहला स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट भी बन गए। 2018 एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता भारतीय भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने अपने टोक्यो ओलंपिक अभियान का शानदार आगाज किया है। उन्होंने यहां बुधवार को क्वालीफिकेशन राउंड में अपने पहले प्रयास में 86.65 मीटर के थ्रो के साथ सीधे क्वालीफिकेशन से पुरुषों के भाला फेंक फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। उल्लेखनीय है कि फाइनल के लिए सीधे क्वालीफाई करने के लिए योग्यता चिन्ह 83.50 रखा गया था। नीरज ने फाइनल में भी शानदार शुरुआत की और पहली थ्रो में 87.03 मीटर की दूरी नाप ली। उनकी दूसरी थ्रो इससे भी बेहतर रही, जिसमें उन्होंने 87.58 मीटर का फासला तय किया। उनकी तीसरी थ्रो 76.79 मीटर रही। इसके बाद उनकी अगली दो थ्रो फ़ाउल रही। उनकी आखिरी थ्रो से पहले उनका स्वर्ण पक्का हो चुका था। उनकी अंतिम थ्रो 84.24 मीटर रही, लेकिन उनकी दूसरी थ्रो उन्हें स्वर्ण दिलाने के लिए काफी थी। दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे चेक खिलाड़ियों ने सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, लेकिन वे नीरज के खिलाफ मुकाबले में नहीं आ पाए और उन्हें रजत तथा कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। जर्मनी के जूलियन वेबर को चौथा और पाकिस्तान के अरशद नदीम को पांचवां स्थान मिला। नीरज के इस स्वर्ण पदक के साथ पदक तालिका में 47 वें स्थान पर आ गया और कुल पदकों के लिहाज से




### स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा को कोविंद ने दी बधाई

नयी दिल्ली, 07 अगस्त (वार्ता)। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने टोक्यो ओलंपिक में भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले एथलीट नीरज चोपड़ा को बधाई दी है। श्री कोविंद ने शनिवार को ट्वीट करके लिखा, ''नीरज चोपड़ा की अभूतपूर्व जीत! भाला फेंक में आपका विजयी सोना सभी बाधाओं को तोड़ता है और इतिहास रचता है।'' उन्होंने कहा, ''आप अपने पहले ओलंपिक में भारत को पहली बार ट्रैक और फील्ड पदक दिलाते हैं। आपका करतब हमारे युवाओं को प्रेरणा देगा। भारत उत्साहित है! हार्दिक बधाई!'' श्री कोविंद ने कुश्ती में कांस्य पदक जीतने वाले पहलवान बजरंग पुनिया को भी बधाई दी है।

### नीरज चोपड़ा ने रचा इतिहास : मोदी



नयी दिल्ली, 07 अगस्त (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि देश के नौजवान खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने टोक्यो ओलंपिक में जैवलिन थ्रो में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा है और उनकी इस असाधारण उपलब्धि के लिए उन्हें शुभकामनाएं। प्रधानमंत्री ने शनिवार को एक ट्वीट संदेश में कहा, ''टोक्यो में इतिहास रचा गया है। नीरज चोपड़ा ने जो आज हासिल किया है, उसे हमेशा याद रखा जाएगा। नौजवान नीरज ने असाधारण प्रदर्शन किया है। वह लगन से खेले और अतुलनीय दृढ़ता का प्रदर्शन किया। टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के लिए उन्हें बधाई।'' उल्लेखनीय है कि नीरज चोपड़ा ने जैवलिन थ्रो में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता है।

## बजरंग ने जीता कांस्य, भारत ने लंदन के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बराबरी की

टोक्यो, 07 अगस्त (वार्ता)। भारत के पहलवान बजरंग पूनिया ने टोक्यो ओलंपिक में तीसरे स्थान के मुकाबले में कमाल का प्रदर्शन करते हुए कजाखस्तान के दौलत नियाज बेकोव को शनिवार को 8-0 से पराजित कर देश के लिए कांस्य पदक जीत लिया। भारत का टोक्यो ओलंपिक में यह कुल छठा पदक है और इसके साथ ही भारत ने 2012 के लंदन ओलम्पिक में छह पदक जीतने के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बराबरी कर ली है। भारत का टोक्यो में कुश्ती में यह दूसरा पदक और ओवरआल चौथा कांस्य पदक जीतने की बराबरी है। बजरंग ने इसके साथ ही अपने मेंटर योगेश्वर दत्त के 2012 के लंदन ओलम्पिक में 60 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीतने की बराबरी कर ली है। टोक्यो में भारोत्तोलक मीराबाई चानू और पहलवान रवि कुमार ने रजत पदक, महिला मुक्केबाज लवलीना बोर्गोहैन, बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू तथा भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने कांस्य पदक जीते हैं। टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक के लिए भारत के बजरंग पूनिया और कजाकिस्तान के नियाज़बेकोव आमने सामने थे। शुरुआती मिनटों में दोनों खिलाड़ी शानदार खेल का प्रदर्शन दिखा रहे थे और किसी भी खिलाड़ी ने कोई प्वांइट नहीं लिया, लेकिन बजरंग ने लगातार कोशिश की और कजाक पहलवान को पेसिविटी पेनल्टी पर एक अंक ले लिया। कजाक के खिलाड़ी ने फिर काफी कोशिश की, लेकिन पूनिया ने उन्हें एक भी मौका नहीं दिया और पहले पीरियड में बजरंग 2-0 से आगे हो गए। दूसरे पीरियड में पूनिया ने शानदार तरीके से दो -दो अंक जुटाकर 4 अंक लिए और गेम में बढ़त बना ली। आखिर में बजरंग ने कमाल ही कर दिया, उन्होंने विरोधी को एक भी अंक नहीं लेने दिया और 8-0 से मैच जीत लिया।

उसे पदक तालिका में 31वां स्थान मिला। भारत 2012 के लंदन ओलम्पिक में अपने छह पदकों के पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ 57वें स्थान पर रहा था। इस युवा एथलीट ने वो कारनामा कर दिखाइए, जो मिल्खा सिंह और पीटी उषा जैसे दिग्गज एथलीट क्रमशः 1960 और 1984 के ओलम्पिक खेलों में नहीं कर पाए थे। नीरज के इस स्वर्णिम प्रदर्शन से भारत ने अपना टोक्यो अभियान शानदार ढंग से समाप्त किया, क्योंकि यह आखिरी स्पर्धा थी, जिसमें किसी भारतीय एथलीट ने हिस्सा लिया। चोपड़ा 2016 में भारतीय सेना से जुड़े थे और इस समय वह नायब सूबेदार के रूप में जूनियर कमीशंड अफसर के तौर पर काम कर रहे हैं। उन्होंने जकार्ता में 2018 के एशियाई खेलों में 88.06 मीटर की थ्रो के साथ नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था। नीरज ने 2021 में इंडियन ग्रां प्री में 88.07 मीटर के साथ अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा था। भला फेंक एथलीट ने 2018 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीता था और वह 2016 की अंडर 20 विश्व चैंपियनशिप में 86.48 मीटर का नया रिकॉर्ड बनाया था।

### फतेहपुर खेड़ी में बंदरों का आतंक

बुढ़ाना, ७ अगस्त (बु.)। आज फिर एक महिला को बंदरों ने घेर लिया और उसको काटकर बुरी तरह से जख्मी कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार फतेहपुर नीमखेड़ी निवासी एक महिला रमेशो पत्नी कृष्ण को आज बंदरों ने घेर लिया और हाथ पर काटकर जख्मी कर दिया। गांव की अन्य महिलाओं में बंदरों की इस कारगुजारी से दहशत का माहौल है। बंदर पहले भी गांव के कई लोगों को जख्मी कर चुके हैं। ग्रामीण बंदरों की बढ़ती संख्या से चिंतित हैं।






## इनरव्हील क्लब के तीज कार्यक्रम में जमकर थिरकी महिलाएं

मुजफ्फरनगर, ७ अगस्त (बुस.)। आज शनिवार को तीज का कार्यक्रम इनर व्हील क्लब ऑफ मुजफ्फरनगर' द्वारा खोजा रेस्टोरेंट नई मंडी में आयोजित हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि श्रीमती संतोष शर्मा एसी मेंबर रही और उन्होंने सभी को तीज के त्यौहार की शुभकामनायें दी। गेस्ट ऑफ ऑनर डॉ. दीप्ति भी इस मौके पर उपस्थित रही। कार्यक्रम में सावन के गीतों पर महिलाएं जमकर थिरकीं। इनरव्हील क्लब प्रेजिडेंट डॉ. रिंकू एस गोयल ने भी सभी को तीज की बधाई दी और बताया कि सावन के महीने में तीज का खास महत्व होता है। तीज के बाद त्यौहार शुरू हो जाते हैं। इनर व्हील क्लब ऑफ मुजफ्फरनगर द्वारा इस शुभ अवसर पर तीज कम्पटीशन भी किया गया, जिसमें पहला स्थान डॉ. मंजू प्रभाकर दूसरा स्थान प्रीति और शिखा व तीसरा अंजलि, स्मृति, अंजलि कुमार, दीप्ति स्थान ने प्राप्त किया। तीज महोत्सव में कई तरह के गेम्स, ग्रुप डांस, सरप्राइज लकी ड्रा आदि जैसे कार्यक्रम किये गए। इस मौके पर अंजलि व अंशु स्वरुप ने एंकरिंग से सबका मनमोह लिया। वेलकम टीम में श्रीमती दीप्ति आनंद व रेनू अरोरा रही, वहीं टाइम ड्रा व लकी ड्रा पायल सिंघल, दिव्या व सीमा दास ने संभाला। अति रोमांचक गेम्स टीना व पारुल द्वारा कराये गये व साथ ही साथ दिव्या, स्मृति गोयल, अंशु, शिखा, मीनाक्षी मित्तल, ऋतु, आदि ने भी अपना सहयोग दिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब के समस्त मेंबर्स ने अपना सहयोग किया।


**आवश्यकता है**

सीमेन्ट ऑफिस हेतु  
मार्केटिंग - 1  
एकाउटेंट - 1 (Male/Female)  
ऑफिस कार्य/ड्राईवर - 1  
की आवश्यकता है।

-: सम्पर्क करें :-  
**राजेश कुमार एण्ड कम्पनी**  
*(भाटिया सीमेन्ट)*  
3ए नई मण्डी, रेलवे साईडिंग रोड, मुजफ्फरनगर  
9927085503, 9058935001


### ईको ने बाइक में मारी टक्कर, दो घायल, ईको चालक फरार

बुढ़ाना, ७ अगस्त (बु.)। एक ईको चालक ने विपरीत दिशा से आ रही एक बाइक में टक्कर मार दी। बाइक पर सवार दोनों युवक घायल हो गए। गंभीर हालत में एक युवक को मेरठ के लिए रैफर कर दिया गया है, जबकि ईको चालक फरार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार आज शनिवार की दोपहर मोहित और प्रिंस निवासी बुढ़ाना बाइक पर सवार होकर किसी काम से बड़ौत रोड पर जा रहे थे, तब दयानंद चौक पर विपरीत दिशा से आ रही एक ईको की टक्कर बाइक में लग गई, जिसमें बाइक पर सवार दोनों युवक घायल हो गए, जबकि ईको चालक फरार हो गया। आते जाते लोगों ने पुलिस को सूचना दी तो पुलिस ने मौके पर आकर दोनों घायलों को अस्पताल भिजवाया, जहां पर चिकित्सकों ने एक युवक को गंभीर हालत में मेरठ के लिए रैफर कर दिया है। पुलिस ने परिजनों को भी सूचना दे दी है।

### गंगनहर झाल में लावारिस शव तैरता मिलने से हड़कंप

भोपा, ७ अगस्त (बु.)। थाना क्षेत्र गंग नहर में पहले से ही अज्ञात शव मिलते रहते हैं, जिसमें कुछ शव को पुलिस निकाल लेती है, लेकिन कुछ को नजरअंदाज कर देती है, जिसके चलते शनिवार की दोपहर को नगला बुजुर्ग झाल गंगनहर में एक अज्ञात शव तैरता हुआ दिखाई दिया, जिससे पुलिस को सूचना दी गई है, लेकिन सूचना के घण्टों बाद भी पुलिस नहीं पहुँची, जिसके चलते ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। गंगनहर में अज्ञात शव मिलना कोई नई बात नहीं है। गंगनहर में पहले से ही ग्रामीणों को अज्ञात शव दिखाई देते रहते हैं, लेकिन अज्ञात शव में कुछ ही शव को पुलिस द्वारा निकाल लिया जाता है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस को अज्ञात शव के बारे में जानकारी दे दी जाती है, लेकिन पुलिस द्वारा उन शव को नहर से निकाला नहीं जाता। शनिवार की दोपहर को एक शव नगला बुजुर्ग झाल में तैरता हुआ ग्रामीणों को दिखाई दिया, जिसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गई, लेकिन सूचना मिलने के बाद भी पुलिस घण्टों बाद भी मौके पर नहीं पहुंची और अज्ञात शव झाल में ही तैरता रहा। अब देखना यह है कि पुलिस इस शव को निकालती है या नहीं, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।


**किराये हेतु**




*एक हाल नीचे*  
900 sq. Semi Furnished with Tuffen Glass, Cover Front +  
*एक हॉल ऊपर*  
900 sq. का किराये हेतु

*कम्पनी ऑफिस/इन्श्योरेंस/ रिटेल शोरूम/बैंक इत्यादि*

प्रीमियम लोकेशन (अलमासपुर चौराहा) निकट भगवती बैंकट हॉल, जानसठ रोड पर उपलब्ध है। इच्छुक पार्टियां एक या दोनों हॉल के लिए सम्पर्क करें।

-: सम्पर्क करें :-  
9927085503, 8805548200



**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र आरव मलिक (Aarav Malik) जो कक्षा 9 का छात्र है, जो नाबालिग है, जिसका नाम शैक्षणिक दस्तावेजों में आरव मलिक (Aarav Malik) लिखा हुआ है, परन्तु मुझे अपने पुत्र का नाम बदलवाकर सत्यम मलिक (Satyam Malik) कराना है, जिसको शैक्षणिक दस्तावेजों में सही किया जाना अति आवश्यक है।

**कुशलवीर सिंह**  
पुत्र स्व. श्री चरण सिंह  
निवासी मकान नं. 384, इंदिरा कॉलोनी, परगना सदर, तहसील व जिला मुजफ्फरनगर।



**बेदखली सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र अर्पित सिंघल उर्फ केशव गलत लोगों के साथ उठने-बैठने लगा है और जो अब मेरे व मेरे परिवारजनों के कहने-सुनने से बाहर है, जिसका चाल चलन ठीक नहीं है। मैं व मेरा परिवार उसकी गलत हरकतों व झगड़े से तंग आकर बड़ा दुखी व परेशान है, इसलिए मैं आज से अपने पुत्र अर्पित सिंघल उर्फ केशव को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार का मेरे पुत्र अर्पित सिंघल उर्फ केशव से किसी प्रकार का कोई मतलब वास्ता नहीं रहा है और न ही भविष्य में रहेगा। यदि मेरा पुत्र अर्पित सिंघल किसी व्यक्ति से कोई लेन-देन या अन्य कार्य, झगड़ा, वाद-विवाद करता है, तो वह उसका स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार के अन्य लोगों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी।

**राजू सिंघल पुत्र श्री ब्रजमोहन**  
निवासी-मौहल्ला कायश्थवाड़ा, दाल मण्डी, थाना कोतवाली नगर, जिला - मुजफ्फरनगर



**मकान किराये हेतु**



एक मकान किराये हेतु आनंद भवन में नया बना हुआ द्वितीय फ्लोर पर पारिवारिक माहौल में उपलब्ध है, जिसमें 3 अथवा 2 कमरे लॉबी व बालकनी सहित, टॉयलेट, बाथरूम आदि सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

-: सम्पर्क सूत्र :-  
9412638488  
9634479532



**आवश्यकता है**

वशिष्ठ हॉस्पिटल को एक मेल प्रत्याशी की।  
-: शैक्षिक योग्यता :-  
ग्रेजुएट-बी.ए., बी.एससी., बी.कॉम.

**वशिष्ठ हॉस्पिटल**  
जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर

: Contact :  
M. 9412110567



**आकर्षक छूट के साथ मकान बिकाऊ है।**

एक मकान 338 गज में दो मंजिला बना हुआ शहरी क्षेत्र के ठाकुरद्वारा (निकट जैन मंदिर, भारत माता चौक) पर तुरंत बिकाऊ है। उक्त मकान को दो हिस्सों में भी दिया जा सकता है।

-: सम्पर्क करें :-  
9871422666



**मकान बिकाऊ है**

60 गज में निर्मित एक दो मंजिला मकान, जिसमें 5 कमरे, 3 टॉयलेट-बाथरूम, 1 मॉड्यूलर किचन आदि सुविधाओं से युक्त गांधी नगर, जी.सी. पब्लिक स्कूल के सामने, बिकाऊ है।

सम्पर्क करें  
M. 7668695009



**आवश्यकता है**

1. परचेज मैनेजर : *ग्रेजुएट (अनुभव 5 साल)*
2. सेल्स मैनेजर : MBA/IT/HR/B-Tech *ग्रेजुएट (अनुभव 5 साल)*
3. इलेक्ट्रिशियन - 2
4. मैनुअल एकाउटेंट/असिस्टेंट एकाउटेंट *(अनुभव 5 साल)*
5. ड्राइवर *:(रहने की सुविधा के साथ)*

सम्पर्क करें - 7417353000



आखिरी मौका    आखिरी मौका    आखिरी मौका

**फेल विद्यार्थी/कम मेरिट के विद्यार्थी निराश न हों**

किसी भी बोर्ड (*U.P. Board, NIOS, CBSE Board*) के अनुत्तीर्ण विद्यार्थी NIOS (भारत सरकार) का तुरन्त फॉर्म भरें, परीक्षा सितम्बर/अक्टूबर में होगी।  
**दो विषयों में छूट लेकर केवल तीन विषयों की ही परीक्षा दें।**

किसी भी बोर्ड से कक्षा XII उत्तीर्ण विद्यार्थी कम मेरिट होने पर भी  
वर्ष बचायें **सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ** वर्ष बचायें  
के अधिकृत अध्ययन केन्द्र में प्रवेश लें।

COURSE OFFERED

| | | |
|---|---|---|
| B.A. | M.Sc. | M.B.A. |
| B.Sc. | M.Com. | M.C.A. |
| B.Com. | B.B.A. | B.Lib. |
| M.A. | B.C.A. | M.Lib. |
| | | PGDCA |

अधिकृत अध्ययन केन्द्र  
**अग्रोहा कॉलेज ऑफ हायर ऐजुकेशन**  
शान्तिनगर, भोपा रोड एवं ठाकुरद्वारा मुजफ्फरनगर

विशेष : नर्सरी, प्ले से कक्षा 12 तक यू.पी. बोर्ड हिन्दी व इंग्लिश मीडियम में प्रवेश प्रारम्भ हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अध्ययन हेतु सम्पर्क करें

NIOS, NTT एवं प्राइवेट फॉर्म भरने के लिए सम्पर्क करें  
Phone No. : 0131-2615405, 2433717, M. 9837640120, 9837108280



**आवश्यकता है**

फैक्ट्री परिसर में कार्य करने हेतु निम्न पदों के इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवारों की:-

1. One Senior Accountant
2. One Purchase Officer (Mainly to purchase Waste Paper)
3. Two Marketing Executive (Preferably MBA)
4. One HR
5. One Civil Supervisor

पता : तिरूपति बालाजी फाइबर्स लिमिटेड  
9 KM Bhopa Road, Muzaffarnagar - 251001

Kindly sent your Resume at  
Whatsapp : 9760536555  
Email : info.tirupatibalaji@gmail.com



**Required**



5 Star Chef - 01 No.  
(Weekly in MZN)  
-: Minimum Payment :-  
1000-1500/- per day.

Qualification : Master of Cooking (Pure Veg.) & presentation  
(All Type of Breakfast / Fastfood, Chat, Lunch / Dinner, Served in 5 Star Hotels)

*Mail Bio-Data & work experience certificate*  
*applegreenthewildrest@gmail.com*



**तुरन्त आवश्यकता है**

**महाराजा अग्रसैन कन्या (पी.जी.) महाविद्यालय, चरथावल**

को बी.ए. (अंग्रेजी, राजनीतिशास्त्र, समाजशास्त्र, गृह विज्ञान, कम्प्यूटर विज्ञान) विषयों में एवं एम.ए. (गृह विज्ञान) तथा एम.कॉम पाठ्यक्रम हेतु *महिला प्रवक्ताओं की आवश्यकता है।*

योग्यता यू.जी.सी. मानकानुसार (एम.ए., पी.एचडी. नेट, स्लैट) वेतन योग्यतानुसार

इच्छुक अभ्यर्थी साक्षात्कार हेतु मूल प्रमाण पत्रों सहित *दिनांक 12 अगस्त, दिन बृहस्पतिवार को प्रात: 10 बजे* महाविद्यालय चरथावल में उपस्थित होवें।

विनोद कुमार सिंहल (प्रबंधक) Mobile - 9927762052

नोट : महाविद्यालय में बी.ए., बी.कॉम. प्रथम, द्वितीय वर्ष की कक्षाओं में दिनांक 16 अगस्त से शिक्षण कार्य प्रारम्भ होगा। अत:एव सभी छात्राएं महाविद्यालय में प्रात: 9:30 बजे शिक्षण कार्य हेतु उपस्थित होंवे।

## जमानत पर छूटकर आये युवक पर किया छुरी से हमला

मुजफ्फरनगर, 7 अगस्त ( बु. )। पॉस्को एक्ट के मामले में जेल से जमानत पर बाहर आये युवक को कथित तौर पर दूसरे पक्ष के युवक ने छुरी मारकर हत्या का प्रयास किया। हमले में गंभीर रूप से घायल हुए युवक को पुलिस ने उपचार के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जिला अस्पताल में भर्ती शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला मक्की नगर निवासी बल्लू पुत्र अनीस ने बताया कि कुछ दिन पूर्व वह पॉस्को एक्ट के मामले में जेल से जमानत पर बाहर आया है। उसका आरोप है कि जिस युवक ने उसे पुलिस से पकड़वाया था उसने आज उसे रास्ते में रोककर उस पर छुरी से हमला कर दिया। छुरी लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। चीख-पुकार पर आसपास के लोगों के मौके पर आ जाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घायल को उपचार के लिये जिला अस्पताल पहुंचाया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## साइबर हेल्प सेन्टर ने 25 हजार रुपये वापस कराये

मुजफ्फरनगर, 7 अगस्त ( बु. )। साइबर हेल्प सेंटर ने एक व्यक्ति से साइबर अपराधियों द्वारा ठगे गये 25 हजार रुपये पीड़ित को वापस कराये गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार रतनपुरी थाना क्षेत्र के गांव कल्याणपुर निवासी नसीम अली पुत्र इजाजुदीन द्वारा साइबर हेल्प सेन्टर को प्रार्थना पत्र देकर बताया गया कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा परिचित बनकर भेजे गए लिंक के माध्यम से उसके खाते से 25 हजार रुपये अपने खाते में स्थानांतरित करा लिये हैं। साइबर हेल्प सेन्टर द्वारा कार्यवाही करते हुए सम्पूर्ण धनराशि पीड़ित के खाते में वापस करायी गयी।

## युवक फांसी पर झूला

मुजफ्फरनगर, 7 अगस्त ( बु. )। एक युवक ने संदिग्ध हालातों में फांसी लगा ली, परिजनों ने उसे फांसी के फंदे से उतारकर उपचार के लिये जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी नाजुक हालत के चलते उसे रैफर कर दिया गया। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि भोपा थाना क्षेत्र के गांव बेहड़ा-थू निवासी 45 वर्षीय अजय पुत्र लोभसिंह ने आज अपने घर में संदिग्ध हालातों में फांसी लगा ली। परिजनों ने उसे फंदे से उतारा और उपचार के लिये जिला अस्पताल लाये, जहां उसकी नाजुक हालत के चलते उसे हायर सैंटर के लिये रैफर कर दिया गया। जिला अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

शेष : आधार कार्ड बनवाने ...

उनके बैंक में आज तक एक भी आधार कार्ड नहीं बना है। हमने तो पहले ही असमर्थता जता दी। सूची में नाम होने के कारण अक्सर यहां लोग आते रहते हैं। जाहिर है कि आने वाले दिनों में आधार कार्ड बनवाने की प्लानिंग कर रहे लोगों को अभी और इंतजार करना पड़ेगा। हालांकि आधार कार्ड में संशोधन पर रोक नहीं है। जनसेवा केंद्र पर जाकर आप अपने आधारकार्ड में संशोधन करा सकते हैं। फोटो, पता, जन्मतिथि में बदलाव बड़ी आसानी से कराया जा सकता है। बशर्ते इस काम के लिए आपको पहले यूआईडीएआई की वेबसाइट पर अपॉइंटमेंट लेना होगा। उधर प्रशासन के सूत्रों का दावा है कि यूपी में नए आधार कार्ड पर लगाई गई रोक जल्द हट सकती है।

# जनपद में 818 ने छोड़ दी प्रशिक्षित स्नातक परीक्षा

## दोनों पालियों में 5481 में से 4663 ने दी टीजीटी परीक्षा

मुजफ्फरनगर, 07 अगस्त ( बु. )। प्रशिक्षित स्नातक परीक्षा-2021 शनिवार को जिले के चार परीक्षा केंद्रों पर प्रथम पाली और छह परीक्षा केंद्रों पर द्वितीय पाली में नकलविहीन एवं निर्विघ्न संपन्न हुई। पहली पाली में विज्ञान, संस्कृत, गृहविज्ञान एवं कला विषय के अभ्यर्थियों का 125 प्रश्नों के माध्यम से मूल्यांकन किया गया। जिसमें संख्यावाची प्रश्नों ने अभ्यर्थियों को जहां एक ओर परेशान किया वहीं साहित्य व व्याकरण के प्रश्न पिछले वर्ष से आसान रहे, जिससे अभ्यर्थियों को मैरिट सूची में नाम दर्ज होने की उम्मीदें बढ़ी हैं।

प्रदेश में आयोजित प्रशिक्षित स्नातक परीक्षा-2021 के प्रथम दिन शनिवार को नकलविहीन व निर्विघ्न परीक्षा कराने में जिला प्रशासन सफल रहा। रविवार को भी जिले में उक्त परीक्षा को लेकर प्रशासन ने अपनी तैयारी पूर्ण होने का दावा किया है। शनिवार को संपन्न परीक्षा के बारे में जिला विद्यालय निरीक्षक गजेन्द्र कुमार ने बताया कि शनिवार को जिले में प्रशिक्षित स्नातक परीक्षा कुल 6 परीक्षा केंद्रों में संपन्न की गई, जिसमें प्रथम पाली में मुख्यालय के राजकीय इंटर कॉलेज, एसडी इंटर कॉलेज के अलावा डीएवी इंटर कॉलेज के ब्लॉक ए व बी में बनाए गए कुल 4 परीक्षा केंद्रों पर 2372 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 2014 उपस्थित एवं 358 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि सुबह 9.30 बजे से शुरू हुई परीक्षा के लिए सभी केंद्रों पर पर्यवेक्षक, सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए। इस बीच सीसीटीवी कैमरों की निगरानी पर अधिकारियों ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का दौरा कर स्थिति का निरीक्षण किया। उधर, शनिवार को जनपद में प्रशिक्षित स्नातक परीक्षा की दूसरी पाली दोपहर 2.30 बजे से नगर के राजकीय इंटर कॉलेज, एसडी इंटर कॉलेज, आर्य समाज रोड के डीएवी इंटर कॉलेज के ब्लॉक ए और बी के अलावा नई मंडी के दीपचन्द्र ग्रैन चैम्बर इंटर कॉलेज, जैन कन्या इंटर कॉलेज में बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हुई जिसमें 3109 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 2649 उपस्थित एवं 460 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। राजकीय इंटर कॉलेज, एसडी इंटर कॉलेज के अलावा डीएवी इंटर कॉलेज के ब्लॉक ए व बी में बनाए गए कुल 4 परीक्षा केंद्रों पर 2372 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 2014 उपस्थित एवं 358 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रशिक्षित स्नातक परीक्षा को देकर केंद्रों से निकले अभ्यर्थियों ने दावा किया कि बीते वर्ष की तुलना में इस बार प्रश्न आसान थे। वहीं संख्यावाची प्रश्न थोड़े कठिन थे। वहीं कुछ अभ्यर्थियों ने यह कहा कि कोरोना महामारी के चलते इस बार परीक्षा की अच्छी तैयारी थी तो पेपर अच्छा गया। ऐसे में मैरिट बनने के अधिक मौके हैं। इसके अलावा विज्ञान के अभ्यर्थियों ने बताया कि स्लेबस से ही बड़ी संख्या में प्रश्न आए थे। कई प्रश्न घुमावदार होने से कठिन प्रतीत हुए। उधर, डीआईओएस गजेन्द्र कुमार ने बताया कि जनपद में टीजीटी की प्रथम दिन की संपन्न हुई परीक्षा में कोई गड़बड़ी नहीं मिली है। तमाम केंद्रों पर सुचारु ढंग से परीक्षा हुई। उन्होंने बताया कि रविवार को भी परीक्षा होनी है, जिसके लिए तमाम तैयारियां की गई हैं।



## कोरोना मुक्ति की दिशा में बढ़ा जिला, दो संक्रमित शेष

मुजफ्फरनगर, 07 अगस्त ( बु. )। जिले में बीते कई दिनों से शून्य की ओर बढ़ते संक्रमित आंकड़ों में शनिवार को उस वक्त बड़ी राहत दिखाई दी, जब जिले में नए कोरोना पॉजिटिव मरीजों की संख्या में ब्रेक के साथ एक ही दिन में 6 संक्रमित मरीजों को डिस्चार्ज किया गया। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार शनिवार को आरटीपीसीआर से कुल 383 लोगों की जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई, जिसमें तमाम लोगों की जांच रिपोर्ट निगेटिव मिली। वहीं जनपद में रैपिड एंटीजन टेस्ट, प्राइवेट लैब या अन्य जनपद से कोरोना का कोई मरीज नहीं मिला है। उधर, जनपद में शनिवार को स्वास्थ्य विभाग ने ठीक होने पर 6 लोगों को डिस्चार्ज किया। ऐसे हालातों में अब एक्टिव मरीजों का आंकड़ा मात्र 2 रह गया है, जो जनपद के लिए राहत की बात है। वहीं कोरोना से जनपद में अब तक 269 लोगों की मौत हो चुकी है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार जिले में कोरोना के अब तक 30644 मरीज मिल चुके हैं, जिसमें से 30373 संक्रमितों को ठीक होने पर डिस्चार्ज कर दिया गया।

# सपा मुखिया अखिलेश यादव से प्रभावित होकर समाजवादी पार्टी में शामिल हुआ हूँ : राजपाल सैनी

मुजफ्फरनगर, ७ अगस्त (बु.)। कई दिन पहले पूर्व राज्य सभा सांसद राजपाल सैनी ने बसपा छोड़कर समाजवादी पार्टी में जाने की घोषणा कर दी थी। शनिवार को राजपाल सैनी व उनके पुत्र शिवान सैनी विधिवत् रूप से लखनऊ में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के समक्ष समाजवादी पार्टी में शामिल हुए। इस अवसर पर उनका पूर्व मुख्यमंत्री ने पार्टी सदस्यता ग्रहण कराने के साथ साथ गर्मजोशी से स्वागत किया। मुजफ्फरनगर जिले के कद्दावर नेता होने के साथ-साथ पूर्व राज्यसभा सांसद को लखनऊ बुलाकर पार्टी में शामिल कराया गया। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी राजपाल सैनी का खासा प्रभाव है। उनके सपा में जाने से भाजपा व बसपा का सैनी वोटर उनके प्रभाव में अवश्य ही आता दिखेगा। स्वयं राजपाल सैनी के पुत्र शिवान सैनी खतौली वि.स. से दमदारी से चुनाव लड़ चुके हैं। कयास लगाए जा रहे हैं कि पूर्व राज्यसभा सांसद व उनके पुत्र दोनों को ही अखिलेश यादव अहम जिम्मेदारी के साथ-साथ खतौली विधानसभा से टिकट भी दे सकते हैं। पार्टी में शामिल होते ही उन्होंने भाजपा पर तीखे प्रहार करते हुए कहा कि वर्ष २०१३ में मुजफ्फरनगर जनपद में दंगे कराना भाजपा की ही साजिश थी और भाजपा ने राम के नाम पर लोगों को खूब बहका लिया है और राम सिर्फ भाजपा के ही नहीं हैं, राम हमारे भी हैं। ज्ञात रहे कि जिले के कद्दावर नेता को यूं तो २००२ में बसपा सुप्रीमो मायावती ने उन्हें विधानसभा क्षेत्र मोरना से भी उम्मीदवार बनाया था और उन्हें सैनी समाज सहित विभिन्न वर्गों की थोक में मिली वोटों ने विधायक बना दिया था। फिर लम्बे समय तक राजपाल सैनी पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के साथ ही रहे और दो बार बसपा की सरकार बनने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने उन्हें उत्तर प्रदेश राज्य बीज विकास निगम का चेयरमैन बनाते हुए दर्जा प्राप्त कैबिनेट मंत्री बनाया। इसके बाद मुजफ्फरनगर सीट से लोकसभा प्रत्याशी के रूप में उन्हें हार मिलने के बावजूद भी बसपा सुप्रीमो ने उन्हें उनकी वफादारी का इनाम देते हुए राज्यसभा सांसद बनाया, मगर अब लम्बे समय से वे अखिलेश यादव की नीतियों से प्रभावित दिखाई पड़ रहे थे और १६६४ के दौरान भी वे समाजवादी पार्टी में शामिल हुए थे और समाजवादी पार्टी ने उन्हें जिलाध्यक्ष भी बनाया था। फिलहाल उनका मोह बसपा से भंग हो चुका था, इसलिए उन्होंने समाजवादी पार्टी ज्वाइन की। राजपाल सैनी के समाजवादी पार्टी ज्वाइन करने से अन्य दलों के समीकरण हर हाल में बदलते दिखाई देंगे। भाजपा का पक्का वोटर सैनी भी पूरे जिले में भाजपा को प्रभावित करते दिखेगा, क्योंकि राजपाल सैनी सत्ता में न रहते हुए भी सैनी समाज के लिए हमेशा तन, मन, धन से साथ खड़े रहे हैं। उनके आने से जिले में पार्टी को हर हाल में मजबूती मिलेगी। लखनऊ में उनके साथ आधा दर्जन से अधिक जिले के दिग्गज नेता भी मौजूद रहे, जिनमें मुख्य रूप से चरथावल के मुकेश चौधरी मौजूद थे। राजपाल सैनी व शिवान सैनी के साथ-साथ कांग्रेस में चार दशक सक्रिय रहने वाले पं. उमादत्त शर्मा व बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सहारनपुर मण्डल कॉर्डिनेटर रामनिवास पाल ने भी सपा की सदस्यता ग्रहण की।



## पुलिस ने किया एक दर्जन अभियुक्तों को गिरफ्तार

खतौली, ७ अगस्त (बु.)। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाने हेतु अपराधियों की नकेल कसने हेतु पुलिस प्रशासन द्वारा जारी अभियान के तहत कोतवाली पुलिस द्वारा एक दर्जन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार सीओ राकेश सिंह व कोतवाली प्रभारी यशपाल सिंह के कुशल निर्देशन में कोतवाली उपनिरीक्षक पवन कुमार, मुकेश कुमार, सुदेश राज, पवन कुमार व रविन्द्र परिहार द्वारा पुलिस टीम के साथ विभिन्न विवादों में अभियुक्तगण दिलशाद पुत्र हमीद निवासी पक्का बाग, प्रदीप पुत्र कालूराम व पिंकू पुत्र संतु निवासीगण गांव तुलसीपुर, दीपक व अनुज पुत्रगण पप्पू निवासी ग्राम अंती, सतवीर पुत्र भुल्लर व मनोज पुत्र सतबीर निवासी गांव अंती, शिव कुमार पुत्र धर्मवीर निवासी आर्यपुरी फलावदा रोड, रणवीर पुत्र बीरबल व टिंकू पुत्र रणवीर निवासी गांव गालिबपुर, थाना खतौली सहित गैर जमानती वारण्टी अभियुक्त फेरू पुत्र सुमेरा व रामदास पुत्र समेरा निवासीगण गांव दाहौड़ कस्बा खतौली को गिरफ्तार किया है।

## प्रेमपुरी में आपसी विवाद के चलते जमकर मारपीट, महिला समेत कई लोग घायल

मुजफ्फरनगर, 7 अगस्त ( बु. )। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला प्रेमपुरी में आज रात पारिवारिक विवाद के चलते परिवार के लोगों में जमकर मारपीट हुई, जिसमें महिला सहित कई लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए चिकित्सालय पहुंचाया और कार्यवाही शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि तहरीर आने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रेमपुरी निवासी हीरालाल वर्मा और उनके भाई पवन कुमार वर्मा का परिवार एक ही मकान में रहता है। दोनों पक्षों के बीच पारिवारिक विवाद चल रहा है, जिसके चलते आज रात दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गई। इस मारपीट में एक पक्ष से पवन कुमार वर्मा का पुत्र अनमोल व पत्नी पूनम तथा दूसरे पक्ष से हीरालाल वर्मा और उनका पुत्र रितिक घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को चिकित्सालय पंहुचाया। पुलिस का कहना है कि तहरीर आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।








